



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 252 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 12 जून 2024 डाक 13 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान गंवाने वाले पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**देश-विदेश**

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे अगले सेना प्रमुख



**फीचर पेज**

अल्कोहल-बेस्ड से माउथवॉश करते हैं तो अलर्ट हो जाइए, बढ़ सकता है कैंसर का खतरा-स्टडी




# चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश के सीएम पद की ली शपथ, समारोह में मौजूद पीएम मोदी, अमित शाह समेत कई दिग्गज नेता

**अमरावती, 12 जून [एजेंसी]।**

चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। बतौर सीएम यह नायडू की चौथी पारी है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा समेत कई दिग्गज मौजूद रहे। नायडू सरकार में टीडीपी से 21, जनसेना से दो और भाजपा से एक को मंत्री बनाया जा रहा है। इससे पहले मंगलवार को टीडीपी और एनडीए ने नायडू को अपने विधायक दल नेता चुना था। मंगलवार को विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद विजयवाड़ा में टीडीपी, भाजपा, जनसेना गठबंधन के नेताओं ने राज्यपाल एस अब्दुल नजीर से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। बुधवार को नायडू के साथ कई और नेता भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। नायडू ने शपथ ग्रहण से एक दिन पहले घोषणा की कि अमरावती राज्य की एकमात्र राजधानी होगी। एनडीए विधायक दल की बैठक के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने दक्षिणी राज्य के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मांगा है और उन्हें इसका आश्वासन भी मिला है।



आंध्र प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में राज्य की 175 में से 135 सीटें जीतकर चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली तेलुगु देशम पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनी। चुनाव में पवन कल्याण की जनसेना पार्टी ने 21 सीटें जीती हैं और भाजपा को भी आठ सीटों पर जीत हासिल हुई है। वहीं जगनमोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी महज 11 सीटों पर सिमट गई है। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में टीडीपी, जनसेना और भाजपा गठबंधन बनाकर चुनाव मैदान में उतरीं थीं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, रामदास अठावले, अनुप्रिया पटेल और चिराग पासवान, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू विजयवाड़ा में टीडीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के सीएम-पदनाम एन चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। टीडीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के भावी सीएम एन चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए मेहमान गन्नावरम मंडल, केसरपल्ली आईटी पार्क पहुंच रहे हैं। फिल्म अभिनेता और पद्म विभूषण से सम्मानित कोनिडेला चिरंजीवी और अभिनेता रजनीकांत टीडीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के भावी सीएम एन चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए केसरपल्ली आईटी पार्क के गन्नवरम मंडल पहुंचे। ओडिशा के भावी मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा, नई सरकार आज शपथ लेगी। शपथ लेने के बाद पहला काम ओडिशा की अस्मिता की रक्षा करना है। एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल टीडीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के भावी सीएम एन चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए विजयवाड़ा पहुंचे।

## दो मुठभेड़ों में एक आतंकवादी ढेर सीआरपीएफ जवान शहीद, 6 घायल



**जम्मू, 12 जून [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के जम्मू संभाग में 24 घंटे के भीतर दो मुठभेड़ हुई, जिनमें एक आतंकवादी मारा गया। आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। वहीं, सेना के पांच जवान और एक एसपीओ घायल है। अधिकारियों ने बताया कि कठुआ जिले के हीरानगर इलाके के सेडा सोहल गांव में आतंकवादियों की सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया, मुठभेड़ में सीआरपीएफ के 121 बटालियन के कांस्टेबल कबीर दास शहीद हो गए। वह कल सेडा सोहल गांव में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, इलाज के दौरान आज अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

## 24 जून से शुरू होगा 18वीं लोकसभा का पहला सत्र इस दौरान होंगे ये काम, स्पीकर चयन पर सबकी नजर



**नई दिल्ली ।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। सबसे पहले प्रोटेम स्पीकर का चयन होगा, जो नए सांसदों को शपथ दिलाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पोस्ट पर यह जानकारी दी। किरेन रिजिजू के अनुसार, लोकसभा का यह मानसून सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। वहीं राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होकर 3 जुलाई तक चलेगा। लोकसभा का यह सत्र इस लिहाज से अहम है कि 26 जून को स्पीकर यानी लोकसभा अध्यक्ष का चयन होगा। सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस बार किसे यह जिम्मेदारी दी जाती है। क्या यह पद भाजपा को मिलेगा या एनडीए के किसी घटक दल को जाएगा। लोकसभा स्पीकर के चयन के बाद राष्ट्रपति का भाषण होगा। फिर सदन की कार्यवाही चलती रहेगी।

## दिल्ली के 10 से ज्यादा म्यूजियमों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस



**नईदिल्ली, 12 जून [एजेंसी]।**

राजधानी दिल्ली के कई म्यूजियमों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दिल्ली के रेलवे म्यूजियम समेत 10-15 म्यूजियम को कल मंगलवार को बम से उड़ाने की झूठी धमकी मिली। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इसे लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले दिल्ली से 100 से ज्यादा स्कूलों और कई अस्पतालों को भी बम की धमकी से संबंधित ईमेल मिला था।

# 400 पार के नारे से हुआ नुकसान..., सीएम एकनाथ शिंदे ने बताया लोकसभा चुनाव में क्यों कम हुई बीजेपी की सीटें

**मुंबई, 12 जून [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टिप्पणी की है। सीएम शिंदे ने कहा कि अबकी बार 400 पार के नारे से पार्टी को नुकसान पहुंचा है। वहीं, विपक्ष ने जनता के बीच एक झूठा प्रचार कर दिया कि अगर एनडीए



400 से ज्यादा सीटें जीत जाती है तो संविधान में बदलाव किया जाएगा। जनता ने बीच यह मुद्दा चर्चा का विषय बन गया। कुछ लोगों के मन में यह बात बैठ गई और खामियाजा महाराष्ट्र में महायुति दल को उठाना पड़ा। सीएम शिंदे ने मुंबई में कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की एक बैठक में कहा कि लोगों को यह लगने का कि अगर एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिल जाती है तो संविधान के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है।

सीएसीपी की बैठक में सीएम शिंदे ने कहा कि अगर किसान नाखुश हैं तो कोई भी खुश नहीं रह सकता। उन्होंने ये भी कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री से मिलेंगे और प्याज, कपास और सोयाबीन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग करेंगे।

## दिल्ली सरकार का फैसला, एडीएम और एसडीएम करेंगे पानी की पाइपलाइन की मॉनिटरिंग



**नईहिदल्ली, 12 जून [एजेंसी]।**

राजधानी दिल्ली में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रही है। ताजा मामले में पानी की बर्बादी रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने एडीएम और एसडीएम से पानी की पाइपलाइन की मॉनिटरिंग कराने का फैसला लिया है। दिल्ली सरकार ने कहा कि कहीं भी पानी की लीकेज बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक बूंद पानी भी बर्बाद नहीं होने दिया जाए। इससे पहले मंगलवार को भाजपा ने जल संकट पर दिल्ली सरकार को घेरा। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने तस्वीरें जारी कर आरोप लगाया था कि टैंकरों से पानी की चोरी की जा रही है, जिस पर दिल्ली सरकार कुछ नहीं कर रही है।

## बालू से भरा ट्रक पलटने से एक ही परिवार के 8 लोगों की मौत

**हरदोई, 12 जून [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बालू से भरा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा कल देर रात हुआ। ट्रक पलटने के बाद सड़क किनारे रह रहा पूरा परिवार बालू के नीचे दब गया। जब तक बालू और ट्रक को हटाकर नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला गया, तब तक चार बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो चुकी थी। हरदोई के जिलाधिकारी एम.पी. सिंह ने बताया कि ट्रक गंगा किनारे से बालू खनन कर हरदोई जा रहा था। बालू ज्यादा होने के चलते ट्रक मोड़ पर पलट गया। घटना



की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह ट्रक के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक एक बच्ची को छोड़कर सभी की मौत हो चुकी थी।

जिलाधिकारी ने बताया, मृतकों की पहचान बल्ला (45), उसकी पत्नी मुंडी (42), बेटी सुनैना (5), बेटी लल्ला (4), बेटी बुद्धू (4), बल्ला के दामाद करन (25), बेटी हीरो (22) और नवासा कोमल (5) के रूप में हुई है। नवासी बिट्टू (4) घायल हो गई। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं।

## 9 दिनों तक लक्ष्मीकांत तिवारी और खनिज अधिकारी समेत 4 आरोपियों से पूछताछ करेगी ईओडब्ल्यू



**रायपुर 12 जून [एजेंसी]।**

कोयला घोटाला केस में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद लक्ष्मीकांत तिवारी, निलंबित उपसंचालक खनिज शिवशंकर नाग, सुनील नायक और निखिल चंद्राकर को पीएमएलए कोर्ट ने ईओडब्ल्यू को नौ दिन की रिमांड पर सौंपने का आदेश दिया है। दरअसल कोल लेवी वसूली और मनी लाड्रिंग मामले में चारों आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर कोर्ट में पेश करने ईओडब्ल्यू ने आवेदन लगाया था। विशेष कोर्ट ने इस आवेदन को स्वीकार कर चारों आरोपितों को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया था। तय समय पर चारों आरोपितों की कोर्ट पेशी में लाए जाने के बाद ईओडब्ल्यू ने पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने आवेदन दिया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आखिरकार न्यायाधीश ने नौ दिन की रिमांड मंजूर कर ईओडब्ल्यू को सौंपने का आदेश सुनाया।

कोयला घोटाले के किंग पिन सूर्यकांत तिवारी, निलंबित आइएएस समीर बिश्नोई की दो दिन की रिमांड सोमवार को कोर्ट ने मंजूर की थी। जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि अब छहों आरोपितों को आमने-सामने बैठाकर केस से जुड़े सवाल पूछे जायेंगे।

## विदिशा की केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 10 किमी दूर से दिख रहा धुएं का गुबार



**भोपाल 12 जून।** मध्य प्रदेश के विदिशा से आग की खबर सामने आ रही है। विदिशा के पीतल मिल चौराहा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। 8 से 10 किलोमीटर दूर तक काला धुआं दिखाई दिया। विदिशा, बासौदा, सांची और भोपाल से कई दमकल गाड़ियां और SDRF, होमगार्ड और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। आग तेजी से भड़की, जिससे आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। मौके पर नगर पालिका की चार फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगने के कारण का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

# रंगदारी केस में सवाल पूछने पर रो पड़े पप्पू यादव मीडिया पर भड़के, बोले- इससे तो मरना अच्छा

**पूर्णिया, 12 जून [एजेंसी]।**

पूर्णिया सीट से लोकसभा चुनाव जीते राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव पर एक करोड़ रुपये की रंगदारी का आरोप लगा है। उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। इन्हीं आरोपों को लेकर जब मीडिया ने पप्पू यादव से बात की तो वे मीडियाकर्मियों पर ही भड़क गए और रो दिए। इस दौरान वे खुद पर लगे आरोपों को खारिज



करते रहे और जांच की बात कही। आप लोग किसी के हैं या नहीं। आप लोग जाकर पता करिए कौन-कौन लोग इस साजिश में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वे कल इस मामले को लेकर हाईकोर्ट जाएंगे। इस दौरान उन्होंने केस दर्ज कराने वाले व्यापारी पर ही आरोप लगाते हुए कहा कि वह एक शराबी है, आप चाहें तो उसका डीएनए टेस्ट करा लीजिए। उसकी बात का भरोसा नहीं किया जा सकता। वहीं, पप्पू ने केस करने वाले व्यापारी पर अन्य संगीन आरोप भी लगए। पूर्णिया सांसद ने कहा कि उस व्यक्ति पर उसके साढ़ू की बेटी को गर्भवती करने का आरोप है, जिसका केस थाने में दर्ज है। मीडियाकर्मियों ने केस को लेकर कुछ और सवाल किए तो पप्पू यादव भावुक होकर भड़क गए और कहा, इसमें आप लोगों की भूमिका ही सबसे ज्यादा है, आप लोग क्यों टॉर्चर कर रहे हैं... इससे तो मरना अच्छा है।

## कठुआ आतंकी हमले में छिंदवाड़ा का सपूत आरपीएफ कांस्टेबल कबीर दास शहीद



**छिंदवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में सीआरपीएफ के कांस्टेबल कबीर दास घायल हो गए थे। बुधवार की सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बलिदानी आरपीएफ के कांस्टेबल छिंदवाड़ा के पुलपुलडोह के रहने वाले थे। कठुआ जिले के हीरानगर स्थित सैदा सुखल गांव में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों की फायरिंग में ग्रामीण भी घायल हो गया। पुलिस ने एक आतंकी को गोली मारी, लेकिन दूसरे आतंकी ने फायरिंग कर दी। बताया जाता है कि हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन कश्मीर टाइगर्स (जेईएम/जैश) ने ली है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॾ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# महतारी वंदन योजना का मिल रहा लाभ, अब किसी से मांगने नहीं पड़ते पैसे : उर्मिला

कोरबा । मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम उठाते हुए महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई है। प्रतिमाह एक हजार रुपए और साल में 12 हजार रूपए महिलाओं के खाते में अंतरित करने के साथ उन्हें आर्थिक मदद पहुंचाने की इस पहल से महिलाओं में एक अलग ही उत्साह का वातावरण है। उनका कहना है कि सरकार की इस योजना से हमें अब अपनी छोटी-छोटी जरूरतों में किसी के पास पैसा मांगने की आवश्यकता नहीं है।कोरबा नगरीय क्षेत्र के पोड़ीबहार की रहने वाली श्रीमती उर्मिला कुमारी ने बताया कि हमने सोचा भी नहीं था कि महिलाओं के लिए ऐसी योजनाएं संचालित होगी जिसमें हर माह एक-एक हजार रुपए की सहायता राषि प्राप्त होगी। हम महिलाएं गृहणी के तौर पर पूरा घर चलाती हैं और एक-एक रुपये की बचत कर थोड़े बहुत पैसे जमा कर पाती हैं। जिसका उपयोग अक्सर घर की जरूरी वस्तुओं के पूर्ति में हो जाता हैं। उर्मिला ने बताया कि उसके परिवार में उसके पति, बच्चे सहित पांच



सदस्य हैं। उसके पति श्री प्रकाश दास महंत मजदूरी करते हैं, पति की आमदनी से ही परिवार का खर्च चलता है, लेकिन कोई बचत नहीं हो पाती है, जबकि समय-समय पर परिवार में पैसे की आवश्यकता पड़ती रहती है। पिछड़े परिवार के लोगों के लिए एक-एक रुपये का विशेष महत्व होता है। ऐसे में सरकार द्वारा माह में एक हजार रुपये और साल में 12 हजार रूपए की आर्थिक सहायता मिलने से महिलाओं को बहुत राहत मिल रही है। महतारी वंदन योजना लागू होने के बाद उसे भी अब हर महीने एक-एक हजार रूपए मिल रहे हैं। इससे उनकी बड़ी परेषानी दूर हो गई है। इन पैसों से वे अपने घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाने में सक्षम हुई हैं। छोटी-मोटी जरूरतों के लिए किसी के सामने हाथ फैलाना नहीं पड़ रहा है।

उर्मिला ने बताया कि वह स्नातक उत्तीर्ण है और आगे भी पढ़ाई करना चाहतीं हैं। इस राशि का वह आगे अपने आगे की पढ़ाई के लिए भी कर सकेंगी। योजना का लाभ पाकर उत्साहित उर्मिला ने कहा कि शासन की यह कल्याणकारी योजना आर्थिक रूप से कमजोर केवल उनके ही परिवार नहीं बल्कि ऐसे अन्य दूसरे परिवार के लोगों के लिए भी काफी अच्छी योजना है। इससे अनेक महिलाएं लाभान्वित होकर आर्थिक रूप से मजबूत बन रही है।

## सरपंच की चौपल में होता है समस्याओं का समाधान

कोरबा/पाली। गांव के विकास को गति देने में अहम कड़ी ग्राम सरपंच की होती है। सरपंच जितना सक्रिय होंगे उस गांव का उतना ही विकास होगा। जेमरा पंचायत भी विकास के मामले में काफी आगे है और सरपंच भंवर सिंह उइके की सोच विकास की है। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को अपनी समस्या के लिए ब्लाक, तहसील व जिला के चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए ग्राम की समस्या का ग्राम में समाधान के तहत सरपंच द्वारा प्रतिमाह जन चौपाल का आयोजन भी किया जाता है। यहां ग्रामीणों को न केवल विकास योजनाओं की जानकारी मिल रही है बल्कि ग्रामीण अपने सुझाव व समस्याएं, शिकायते यहां दर्ज करा रहे है। जिले के पाली ब्लाक अंतर्गत पहाड़ी, वनांचल ग्राम पंचायत जेमरा में प्रतिमाह के 14 तारीख को पंचायत भवन में जन चौपाल का आयोजन कर सरपंच भंवर सिंह लोगों की स्थानीय समस्याओं को सुन निस्तारण की दिशा में कार्य कर अपने स्तर से संतुष्ट करते है। वहीं सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं एवं मिलने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी देते है। जिससे ग्रामीण काफी प्रसन्न है और गांव के विकास की भी प्रशंसा करते है। लगभग 1600 की जनसंख्या एवं 1150 मतदाता वाले इस ग्राम पंचायत में गत 2022 के पंचायत उप चुनाव में भारी मतों से निर्वाचित सरपंच भंवर सिंह अपने ढाई साल के कार्यकाल में ढाई करोड़ से भी अधिक के विकास कार्य करा ग्राम को एक अलग पहचान दी है। साथ ही तात्कालिन सरपंच के द्वारा अधूरे छोड़ दिये गए अनेक कार्यो को पूर्ण भी कराया है, जहां प्रवेश करते ही लगता है कि वाकई गांव में विकास के काम हुए है। इस संबंध पर चर्चा के दौरान सरपंच भंवर सिंह ने बताया कि स्थानीय स्तर के समस्याओं के निराकरण हेतु जन चौपाल का आयोजन प्रतिमाह किया जाता है जहां सबसे ज्यादा राशन कार्ड, पेंशन, जाति निवास, जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र की समस्या सामने आयी। जिनका निराकरण किया गया।

उन्होंने आगे बताया कि ग्राम बगदरा में पेयजल की समस्या विकराल थी, क्योंकि गांव की जमीन पथरीली होने से बोर खनन कार्य ज्यादा संभव नही था और समस्या उत्पन्न होती थी। जिस कारण पानी की समस्या से जूझते ग्राम बगदरा के निवासी नालों व ढोढ़ी का पानी पीने मजबूर थे।

जिस समस्या के निदान हेतु कूप खनन व पुराने बोर में सुधारीकरण कर और सबमर्सिबल पम्प डाल पेयजल की व्यवस्था सुदृढ की गई। सरपंच ने कहा कि गांव की जनता ने मुझे ग्राम विकास के लिए चुना है। जहां उनके भरोसे पर खरा उतरते हुए गांव के चहुंमुखी विकास एवं योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों को हर हाल में मिले और जन विकास कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित किसी भी तरह की समस्या न हो तथा उनके पंचायत विकास के मामले में पीछे न रहे इसलिए लगातार काम करते हुए वे मुस्तैद है।

### मत्स्य आखेट पर रहेगा प्रतिबंध, मछलियों के संरक्षण हेतु 15 अगस्त तक बंद ऋतु घोषित

कोरबा । जिले में वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को ध्यान में रखकर उनके संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत जिले के समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, छोटे-बड़े जलाशयों में सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

सहायक संचालक मछली पालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने तथा अपराध सिद्ध होने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के तहत 01 वर्ष का कारावास तथा 05 हजार रूपए का जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत या नदी-नालों को छोड़कर जिनका संबंध किसी नदी-नाले से नहीं है और उनके अतिरिक्त जलाशय जिनमें केज कल्चर का कार्य किया जा रहा है, उनमें मत्स्य अधिनियम लागू नहीं होंगे।

## छत्तीसगढ़ के पौधों से सुरभित हुई रामनगरी, पूर्व सैनिकों ने लगाए पौधे

कोरबा। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और सेना शिक्षा कोर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीला में वृक्षारोपण का उद्देश्यपरक कार्यक्रम आयोजित किया गया।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या धाम के महासचिव माननीय श्रीमान चंपतराय राय , राम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा, दक्षिण भारत से पधारे हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय पदाधिकारी श्रीमान गोपाल, स्टेशन कमांडर कर्नल नेगी साहब कर्नल सी पी सिंह , सेना शिक्षा कोर वेटरन संगठन के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़ तथा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अयोध्या धाम के अध्यक्ष प्रकाश पाठक तथा महासचिव रामवीर सिंह के द्वारा साफा एवं टोपी पहनकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात पर्यावरण को लेकर चंपत राय का संबोधन हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में अयोध्या की जलवायु और 67 एकड़ में फैले हुए राम मंदिर के परिसर में विभिन्न प्रकार के वृक्षों की चर्चा की। यहां की जलवायु के अनुकूल होने वाले वृक्षों के बारे में बताया। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय सेना और पूर्व सैनिकों के संगठन को उत्तम बताते हुए अयोध्या



अदलखा ने चंदन (सफेद एवं लाल), वरुण, सिंदूर, पुत्रजीवक, आंवला तथा पीपल के पौधों को छत्तीसगढ़ से लाकर कुबेर टीला तक पहुंचाया। श्रीमान चंपत राय के साथ श्रीराम जन्मभूमि में चंदन का पौधा रोपित किया। रामायण में वर्णित 182 पौधों की सूची माननीय चंपत राय को सौपते एक रामायण वाटिका बनाने का सुझाव दिया साथ ही पर्यावरण संतुलन हेतु मंदिर प्रांगण में एक बीज बैंक स्थापित कर श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप बीज प्रदान किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद स्वरूप ग्रहण किये गए बीज को रोपित करने से देश के एक कोने का वृक्ष दूसरे कोने में अपनी छटा बिखेरेंगे जिससे वृक्षारोपण में गति आएगी। सेना शिक्षा कोर वेटरन संगठन की दिल्ली स्थित संगठन सदस्य विद्यार्थी , श्री मीणा, जगदेव ,वेटरन नरेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष प्रकाश पाठक तथा महासचिव डीएस तोमर के आरंभिक प्रयासों से इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनी । लोगों का स्वागत सत्कार यहां पर चंपत राय, डॉ अनिल मिश्रा के साथ में आपसी तालमेल स्थापित करवाने तथा इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप से अपने हाथों में लेकर सफल बनाने में बहुत बड़ा योगदान दिया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अयोध्या धाम द्वारा सदस्यों का यथोचित सत्कार किया

राम मंदिर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के कार्य की सराहना भी की।कोरबा की भागीदारी हुई पर्यावरण संरक्षण अभियान में देश के विभिन्न भागों से आए हुए पूर्व सैनिकों ने अपने परिवारों के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला के पर्यावरण संरक्षण के संयोजक एवं पूर्व सैनिक सेवा संघ के संगठन मंत्री कैप्टन मुकेश कुमार गया।। कार्यक्रम में कैप्टन के के तिवारी, कैप्टन जगदीश प्रसाद द्विवेदी, कैप्टन ओमप्रकाश शर्मा, कैप्टन पारस पांडे , कैप्टन कृष्ण कुमार त्रिपाठी, सूबेदार मेजर बालंद भूषण मिश्रा, सूबेदार ओमप्रकाश, सूबेदार देवेंद्र , सूबेदार शैलेंद्र, सूबेदार ओमप्रकाश, सूबेदार कालीचरण, हवलदार रामजी दुबे, वारंट अफसर, सुनील मणि पांडेय, वारंट अफसर विन्देश्वरी प्रसाद पांडे सहित भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## मंत्री लखन ने ली मैराथन बैठक



कोरबा। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने मंगलवार को उद्योग विभाग की एक-एक योजना की विस्तार से समीक्षा की।बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग स्थापना के नाम पर जमीन लेने के बाद भी उद्योग नहीं लगाने वाले उद्योगपतियों को नोटिस जारी कर जमीन आबंटन की प्रक्रिया निरस्त करने की कार्रवाई करे। मंगलवार को सर्किट हाऊस रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों के उद्योग और व्यापार केन्द्र के प्रबंधकों, सीएसआईडीसी के अधिकारीयों व उद्योग संचालनालय के उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर उद्योग मंत्री देवांगन ने इस आशय के निर्देश दिए। बैठक में उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद, संचालक उद्योग पी. अरूण प्रसाद सहित जिलों से आए अधिकारी एवं उद्योग संचालनालय के अधिकारी उपस्थित थे।उद्योग मंत्री देवांगन ने निर्देश देते हुए कहा कि आचार संहिता के दौरान जो कार्य लंबित थे, उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करें। औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए वाष्पयंत्र निरीक्षकालय की समीक्षा के दौरान कहा कि अधिकारीगण समय-समय पर बायलर का निरीक्षण करते रहें।

विभाग के योजनाओ में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत 2023-24 में 1024 लक्ष्य की तुलना में अब तक 1252 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया।मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 600 लक्ष्य की तुलना में 1129 आवेदन स्वीकृत किए गए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल योजना के तहत अब तक एमएसएमई रायपुर द्वारा अब तक 10798 लोगों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इस कार्य में मंत्री देवांगन ने तेजी लाने के निर्देश दिए गए।भू आबंटन के 758 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया, 30 पेंडिंग मामलों को भी जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए। मंत्री देवांगन ने कहा की देश के प्रधानमंत्री जिन्होंने हॉल ही में तीसरी बार प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण किया है। वे भी चाहते है कि युवाओं को अधिक से अधिक काम मिले जिससे उनके जीवन स्तर में बदलाव आ सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भी मंशा है की अलग अलग सेक्टर में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगें ताकि रोजगार के अवसर सृजित हों सके।

उद्योग मंत्री ने इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री फॉर्मलाईजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राईजेस योजना, विभिन्न अनुदान, छुट एवं रियायतों के प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की और फ्री-होल्ड संबंधी प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण, उद्योंगों के लिए किए गए एम.ओ.यू. की प्रगति, अधोसंरचना विकास कार्य, राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड के कार्यों, वाष्पयंत्र निरीक्षणालय कार्यों, पंजीयक फॉर्म एवं संस्थाएं की समीक्षा की गई। राज्य में उद्योग निवेश बढ़ाए जाने के संबंध में राज्य प्रोत्साहन बोर्ड को सक्रिय भूमिका निभाने और निवेश आकर्षित करने का निर्देश दिया गया । नई सरकार में उद्योग विभाग को अपनी सक्रिय भूमिका निभाने में प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए सभी अधिकारियों को उद्योग संचालन में आवश्यक सहयोग करने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने का निर्देश दिया गया।

### प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

कोरबा । जिले के शासकीय महिला आई.टी.आई. संस्थान कोरबा में 12 जून 2024 को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत आईटीसी प्राइवेट लिमिटेड कोरबा द्वारा ट्रेनी ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति की जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता किसी भी ट्रेड अंतर्गत आईटीआई पास तथा 18 से 30 वर्ष की आयु सीमा वांछनीय है। इच्छुक आवेदक शासकीय महिला आई.टी.आई. कोरबा में 12 जून को प्रातः 10 बजे अपने दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां हुई शुरू

कोरबा । लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। चुनाव से पहले प्रदेश के सभी शहरों के वार्डों का जनसंख्या के हिसाब से परिसीमन किया जाएगा। ज्यादा आबादी वाले वार्डों के वोटर्स का पास की कम आबादी वाले वार्डों में समायोजन होगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को वार्डों के परिसीमन करने का आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश में वार्डों के परिसीमन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

प्रत्येक वार्डो की जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नये सिरे से वार्डो का परिसीमन किया जाएगा। परिसीमन के बाद वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होगी। विभाग ने कलेक्टर्स को नगरीय निकायों के वार्डो के परिसीमन की कार्यवाही यथाशीघ्र संपन्न करने को कहा है, ताकि नगरीय निकाय चुनावों की समय-सीमा से पहले मतदाता सूची तैयार किया जा सके।

## पुलिस ने युवती के खिलाफ दर्ज किया अमानत में ख्यानत का अपराध

कोरबा । एक सहेली ने दूसरी सहेली को धोखा देते हुए उसकी स्कूटी को ले जाकर किसी को बेच दिया। पुलिस ने अमानत में खयानत का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस ने बताया कि संतोषी गुप्ता 25 वर्ष राजीव विहार राखड़ डेम के नीचे रामपुर बस्ती की रहने वाली है।

दो जून को उसकी सहेली दनीशा सोनवानी निवासी पोड़ी उपरोड़ा बांगो उसके घर रात करीब 10 बजे पहुंची और स्कूटी हीरो प्लेजर क्रमांक सीजी 12 बीएल 5027 मांग कर ले गई। इस दौरान उसने कहा था कि रात में बुधवारी बाजार में अपनी दीदी के घर जाकर रुकेगी और सुबह स्कूटी लौटा देगी। विश्वास करते हुए सहेली ने स्कूटी दे दिया, लेकिन दूसरे दिन स्कूटी लौटाने दनीशा नहीं पहुंची।

इसके बाद संतोषी ने अपने स्तर पर पतासाजी किया, तो दनीशा के स्वजनों ने किसी प्रकार की जानकारी देने से साफ मना कर दिया और दनीशा के बारे में कुछ नहीं जानने की बात कही। संतोषी को अपने स्तर पता किया, तब उसे पता चला कि उक्त वाहन को दनीशा ने किसी अन्य व्यक्ति के पास बिक्री कर दिया है। संतोषी की रिपोर्ट पर सिविल लाइन पुलिस ने दनीशा सोनवानी के विरुद्ध धारा 406 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया है और उसकी पतासाजी कर रही है।

## अब होगी कोल ब्लाकों के निलामी की गति तेज

कोरबा। कोयला आयात की हिस्सेदारी में कमी लाने कैप्टिव के बाद अब कमर्शियल माइनिंग से भी कोल ब्लॉक आवंटित किए जा रहे हैं। इसमें चुनाव आचार संहिता के कारण लगा ब्रेक हट चुका है। इससे नीलामी सूची में शामिल नार्थ व साऊथ कोल ब्लॉक के अलावा छत्तीसगढ़ समेत देश के अन्य कोल ब्लॉकों के आवंटन की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।

कुछ साल पहले तक कोयला खनन व बिक्री में कोल इंडिया का एकाधिकार था। लेकिन केन्द्र सरकार ने अब कैप्टिव माइनिंग के बाद कमर्शियल कोल माइनिंग को बढ़ावा दिया है। कैप्टिव माइनिंग में जहां कोयले का उपयोग खुद के पॉवर प्लांट के लिए करना होता था, वहीं अब कमर्शियल कोल माइनिंग से कोयले का खनन कर बिक्री का अधिकार दे दिया है। इससे कोल इंडिया का कोल ब्लॉकों को आवंटित कंपनियों के साथ भविष्य में प्रतिस्पर्धा के हालात बनेंगे। साल 2023 में 8 वें दौर के कोल ब्लॉकों की नीलामी सूची में नार्थ करतला व साऊथ कोल ब्लॉक के अलावा छत्तीसगढ़ के अन्य कोल ब्लॉक शामिल नहीं था। लेकिन जब 9 वें दौर में नीलामी सूची के कोल ब्लॉक जारी हुए तो जिले के करतला स्थित दो कोल ब्लॉक भी शामिल कर लिए गए। चूंकि आवंटन की प्रक्रिया के बीच लोकसभा चुनाव के लिए देशभर में आचार संहिता लागू होने से कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया पर रोक लग गई थी, 4 जून को कोरबा समेत देशभर के लोकसभा सीटों के नतीजे सामने आ चुके हैं। अब चुनाव आचार संहिता के कारण लगा ब्रेक हट चुका है। इसके बाद कोल ब्लॉकों के आवंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

कोल ब्लॉक खोलने का ग्रामीण पहले कर चुके विरोध

करतला में कोल ब्लॉक खोलने का ग्रामीण पहले विरोध कर चुके हैं। बावजूद इसके आवंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। समृद्ध वन वाले करतला क्षेत्र के दोनों कोल ब्लॉक को मिलाकर 1030 मिलियन टन कोयले का अनुमानित भंडार है। मांड रायगढ़ कोलफील्ड्स में शामिल करतला नार्थ में 690 मिलियन टन और करतला साऊथ में 920 मिलियन टन कोल रिजर्व है। दोनों ही कोल ब्लॉक को माइंस एंड मिनरल डेवलपमेंट एमैंडमेंट (एमएमडीआर) बिल के अनुसार विकसित करने की योजना है।

## जल आपूर्ति की मांग को लेकर माकपा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



कोरबा। बांकीमोंगरा क्षेत्र के खनन प्रभावित गांवो बांकी बस्ती,मड़वाढोढा,पुरैना में एसईसीएल द्वारा जल आपूर्ति बंद किए जाने से परेशान सैकड़ों ग्रामीणों ने आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव प्रशांत झा के नेतृत्व में बांकी बस्ती के पास चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम सुबह 10 बजे शुरू हुआ जो अभी तक चल रहा है जिससे जाम के कारण दोनो तरफ ट्रकों की लंबीलाईन लग गई, जिसके बाद एसईसीएल प्रबंधन को मजबूर होकर आंदोलनकारी माकपा और ग्रामीणों से बातचीत करने के लिए मजबूर होकर सड़क पर आना पड़ा ग्रामीणों के साथ वार्ता विफल रही। मौके पर कटघोरा के नायब तहसीलदार, बांकी मोंगरा थाना प्रभारी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल उपस्थित है।उल्लेखनीय है कि कोयला खनन के कारण खनन प्रभावित गांवों में जल स्तर काफी गिर चुका है और अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एसईसीएल ही पीने, निस्तारी और सिंचाई के लिए पानी का प्रबंध करते आया है। लेकिन बांकी खदान बंद होने के बाद अब से एसईसीएल द्वारा इन बांकी बस्ती,पुरैना,मड़वाढोढा गांवों में जल आपूर्ति बंद कर दी गई है, जिससे यहां के ग्रामीणों का न केवल दैनिक दिनचर्या गड़बड़ा गई है, बल्कि खेती-किसानी पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। माकपा द्वारा चक्काजाम की चेतावनी के बाद भी एसईसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों के पानी के समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।माकपा नेता प्रशांत झा ने आरोप लगाया कि बांकी खदान से कमाई बंद होते ही अब एसईसीएल अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों को पूरा करने से मुकर रहा है, जबकि किसानों की आजीविका सुनिश्चित करना उसकी जिम्मेदारी है और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को पाना ग्रामीणों का अधिकार है। पानी की समस्या समाधान का लिखित आश्वाशन देने के बाद भी एसईसीएल प्रबंधन अपने वायदे को पूरा नहीं करता है इसलिए अब एसईसीएल के किसी आश्वाशन में आने वाले नहीं है जब तक पानी नहीं मिलेगा तब तक चक्काजाम जारी रहेगा।किसान सभा के जिलाध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर ने कहा कि तीनों गांव को पानी दो नहीं तो कोल परिवहन नहीं होने देंगे।माकपा ने आरोप लगाया है कि एसईसीएल ग्रामीणों को नगर निगम का पानी खरीदने को मजबूर कर रहा है, जिसका माकपा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि खनन प्रभावित गांवों में एसईसीएल को पूर्व की तरह जल आपूर्ति करना होगा।

### प्रमुख मांगे

बांकी बस्ती और पुरैना गांव में पाईप लाईन के माध्यम से पेयजल सप्लाई पुनः चालू किया जाये।

ग्राम बांकी बस्ती, मडवाढोंढा,पुरैना में तालाबों को खदान से पाईप लाईन के माध्यम से साल भर भरने की व्यवस्था की जाये। ग्राम बांकी बस्ती, मडवाढोंढा,पुरैना में जहां अंडर ग्राउंड में पानी का भराव जायदे है वहां बोरहोल कर मोटर पंप लगाकर तालाबों को भरने के साथ किसानों को सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था की जाये। प्रभावित ग्रामों में बोर होल में सबमर्शिबल पंप लगाकर पेयजल आपूर्ति की जाए।माकपा के इस चक्काजाम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं आंदोलन में शामिल हुए।चक्काजाम में प्रमुख रूप से किसान सभा के जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू,जय कौशिक, दामोदर, शिवरतन कंवर, देव कुंवर,सुक्रिता, समेत मोहपाल सिंह, जीर्बोधन,श्रवण दास,बजरंग दास,शिवपाल, भरत सिंह, किसन चंटू, इंद्र कुंवर,साधना बाई, गवन बाई, श्याम बाई,प्रमिला महंत,रमा देवी के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### राखड़ समस्या :युकां ने दिया 7 दिन का अल्टीमेटम, आन्दोलन की चेतावनी

कोरबा। दर्री डेम से लेकर बालको रिसदी तक राखड़ के कारण चलना मुश्किल हो गया है। हादसे का खतरा बढ़ गया है। जिसे लेकर युवा कांग्रेस महामंत्री ग्रामीण मधुसूदन दास ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। सात दिन में समस्या का निदान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।ज्ञापन में कहा गया है और कोरबा औ?द्योगिक जिला होने के कारण अनेक समस्याओं के सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में अभी सबसे बड़ी समस्या है वो है राखड़ और धूल की। पहले तक तो बीमारी होने का खतरा था पर अब जान भी जाने लगी है, परंतु दुर्भाग्य की बात है कि इस पर कोई न कार्यवाही की जा रही है और न ही कोई रास्ता निकाला जा रहा है। दर्री डेम से लेकर बालको रिसदी बायपास में आमजनों का चलना दुश्वार हो गया है। सड़क किनारे पड़े राखड़ के कारण छोटे वाहन चालकों को समस्या उत्पन्न हो रही है। साथ ही साथ जान से भी हाथ धोना पड़ रहा है। राखड़ परिवहन के लिए नियम तो बहुत है पर पालन बिलकुल नहीं है। साथ ही साथ कुसमुंडा रोड में धूल तो ऐसा है कि धूल में आदमी जाता है और सीधे यमराज से मुलाकात हो जाता है। आखिर कब तक शासन प्रशासन की गलतियों की सजा आम जनता को अपनी जान देकर चुकानी पड़ेगी। युवा कांग्रेस माँग ने मांग की है कि 7 दिवस के भीतर दर्री डैम से लेकर रिसदी बाइपास से उरगा सड़क के किनारे पड़े एवं सड़क में गिरे राखड़ को साफ़ करवाया जाये। कुसमुंडा सड़क के किनारे के धूल को भी साफ़ करवाया जाए। सुनिश्चित किया जाए कि समस्या उत्पन्न न हो। अन्यथा युवा कांग्रेस के द्वारा रिस्दी चौक में चक्काजाम किया जायेगा।

## लाखों- करोड़ों फूंक पंचायतों में बनवाया सामुदायिक शौचालय,अब ताला लगा बना रहे खंडहर

कोरबा। जिस तरह से ओडीएफ हो चुके ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए खर्च कर सार्वजनिक शौचालय बनवाने के बाद उसे ताला लगा खंडहर होने के लिए जिम्मेदारों ने छोड़ दिया है, इससे यह केवल सरकार के पैसों को फूंकने जैसा ही नजर आ रहा है। नतीजा उपयोग के अभाव में ये शोपीस बन पड़े- पड़े खंडहर में तब्दील होने शुरू हो चुके हैं।

जिनके भरोसे जिला प्रशासन के द्वारा ग्राम पंचायतों में स्वच्छता लाने का ढिंढोरा पीटा गया था उन्हें ही जिम्मेदारों ने शोपीस बनाकर रख दिया है। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ हो चुके गांवों में सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को प्रसाधन की व्यवस्था सुलभ रुप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराना गया है। योजना के तहत कोरबा जिले के कोरबा, करतला, कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा व पाली ब्लाक के लगभग सभी पंचायतों में सामुदायिक स्वास्थ्य शौचालय बनवाया गया है जहां अधिकतर जगहों पर ताला ही लटक रहा है।सामुदायिक शौचालय के लिए राशि निर्माण पंचायत की आबादी के अनुसार जारी की गई है। जिसमें एक लाख रुपए से लेकर साढ़े तीन लाख रुपए तक एक सामुदायिक शौचालय के लिए राशि दी गई थी। इसमें स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा और 15वें वित्त तीनों की राशि के अलावा जिला खनिज न्यास निधि मद की राशि भी शामिल है। अधिकांश जगहों पर पंचायत ही निर्माण एजेंसी है और निर्माण हो जाने के बाद सरपंच ही संचालन के लिए जवाबदार है। मगर विडंबना है कि जिन्होंने खुद बनवाया है उन्होंने ही मुंह फेर लिया।

न तो सरपंच- सचिवों को कोई मतलब है और न ही जनपद से लेकर जिला पंचायत और जिला प्रशासन में बैठे अफसरों को। पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का हाल जिले के पांचों जनपद अंतर्गत 70 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालय में ताला लटका हुआ है, जो केवल शोपीस बना हुआ है। वहीं कई पंचायत में स्थल चयन में लापरवाही हुई है और गांव से आउटर में शौचालय बनवा दिया गया है। जिसका कोई उपयोग नहीं नजर आ रहा। इसी तरह अनेक ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय को अधूरा ही छोड़ दिया है, जो टूटते- फूटते पड़ा है।

# नंदेलीभांठा में जमाकर्ता जागरूकता पर कार्यशाला

**सक्ती।** भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नंदेलीभाठा सक्ती मे आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं उनके हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरुक करना। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के ब्रांच मैनेजर अमित श्रीवास्तव, आई.टी.आई. के प्राचार्य चन्द्रेश दिव्य, आई टी आई प्रशिक्षण अधिकारी चनेश राम कुर्रे उपस्थित थे।

पंजाब नेशनल बैंक के ब्रांच मैनेजर श्री अमित श्रीवास्तव के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय साक्षरता के माध्यम से जमाकर्ता अपनी जमा पूंजी का बेहतर उपयोग कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ व सुरक्षित कर सकता है। उन्होंनें कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने उपभोक्ताओं के हितार्थ अनेक योजनायें बनायी है द्य जिसे समझकर उसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की आवश्यकता हैद्य आई.टी.आई. के प्राचार्य चन्द्रेश दिव्य ने बताया कि समर्पित संस्था की इस कार्यशाला में शामिल होकर महसूस हो रहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ताओं की यह योजना अपना मूर्त रुप ले रही है और इसके लिये समर्पित संस्था बधाई की पात्र है।

उन्होंनें कार्यशाला में युवा प्रतिभागियों को इस कार्यशाला का पूर्ण लाभ लेनें का सुझाव दिया। मास्टर ट्रेनर हितेष मिश्रा व संतोषी बघेल ने बैंक खाता खुलवाने, उसका संचालन, बचत योजना, वित्त का प्रबंधन, के.वाय.सी. प्रक्रिया, बैंक ऋण, ऋण संबंधित उपभोक्ताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल, नान बैंकिंग फाइनेंस कंपनी



आदि की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी। इस कार्यशाला को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष डॉ.संदीप शर्मा, परियोजना संचालक नाजनीन अली, संस्था समन्वयक पी.एल.खैरवार, नीलकमल भारद्वाज, विष्णुराव जावलकर, नाजमीन बानो, कार्तिक साहू, राशी ताम्रकार का सराहनीय योगदान रहा।

इस कार्यशाला में बैंक के अधिकारी व आई.टी.आई. के छात्र-छात्राए शामिल हुए।

## सप्ताह भर से एसबीआई की एटीएम खराब

**अकलतरा।** अकलतरा में एटीएम खराब होने से लोग यहां से रूपए नहीं निकाल पा रहे हैं। सप्ताह भर से यह स्थिति बनी है मगर एटीएम की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। पहले कई माह से राशि जमा करने वाली मशीन खराब थी अब राशि निकालने वाली एटीएम खराब है। बैंक के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जहां एक दिन एटीएम खराब होने से सैकड़ो लोगों को पैसे के लिए भटकना पड़ता है ।वही एक सप्ताह से लोगों को अपने जरूरत की पूर्ति के लिए रूपए निकालने बार-बार एटीएम के चक्कर काटने पड़ रहे हैं । उसके बावजूद मशीन को सुधरवाने के लिए संबंधित अधिकारी दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं।पैसा तो मशीन पर बराबर डर रहा है परंतु निकासी के लिए मशीन काम की नहीं है। कस्टमर केयर में भी ग्राहकों द्वारा शिकायत करने के पश्चात भी केवल आश्वासन मिलता है मगर एटीएम की मरम्मत नहीं कराई जा रही है जबकि दूर दराज से आने वाले ग्रामीण पैसे के लिए भटकते हैं। इस संबंध में नईदुनिया ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी मगर सप्ताह भर बाद भी एटीएम को नहीं सुधारा जा सका। वहीं बैंक के बाहर छाया की व्यवस्था नहीं होने से ग्राहकों को परेशानी होती है। बैंक का दरवाजा शाम 4 बजे बंद हो जाती है और ग्राहकों को परेशान होना पड़ता है उनके वाहन भी गर्मी में गर्म हो जाते हैं मगर इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। ग्राहकों ने शीघ्र ही एटीएम की मरम्मत और बैंक के बाहर छाया की व्यवस्था करने की मांग की है।

## कलेक्टर के हाथों सम्मानित हुई ममता



**जांजगीर चांपा।** विकासखण्ड बम्हनीडीह के शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में शासकीय प्राथमिक शाला सोंठी की शिक्षिका ममता जायसवाल को स्वैच्छिक समर कैंप में उत्कृष्ट कार्य हेतु कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया । कलेक्टर ने उनके द्वारा चलाये गए समर कैंप की सराहना की और समर कैंप की गतिवधियों से अवगत हुए । ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा निखारकर उनमें हुनर विकसित करने के उद्देश्य से ममता जायसवाल स्वप्रेरित होकर पिछले दो साल से अपने घर पर ही स्वैछिक समर कैंप लगाती है । समर कैंप में उनके द्वारा खेल खेल में नई नई एक्टिविटी करायी जाती है जिसका लाभ गांव के कमजोर वर्ग के बच्चों को मिल रहा है । इसके पूर्व कोरोना काल मे भी उनके द्वारा बच्चों को नियमित शिक्षा प्रदान की गई थी ।

उनके द्वारा चलाये गए समर कैम्प में 55 - 60 बच्चें नियमित उपस्थित होकर रचनात्मक गतिविधियो से जुड़कर समर कैंप का लाभ लिए । इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर ममता यादव,एसडीएम चांपा नीरनिधि नन्देहा,डीईओ अश्वनी भारद्वाज, डीएमसी राजकुमार तिवारी,बीईओ एम डी दीवान , बीआरसी हीरेन्द्र बेहार उपस्थित थे।

## शासकीय भूमि पर कब्जा कर बना रहे प्राइवेट स्कूल

**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत करनौद में इन दिनो शासकीय भूमि पर कब्जा कर कहीं निजी स्कूल भवन तो कही आलीशान मकान बनाने का खेल चल रहा है और राजस्व अमला मौन है। करनौद के ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत सब स्टेशन के पास शासकीय भूमि पर प्राइवेट स्कूल भवन बनाया जा रहा है। इसमें दो शासकीय कर्मचारियों की भूमिका है। इनमें एक सहकारिता विभाग का और दूसरा डाक विभाग के कर्मचारी हैं।



ग्रामीणों का आरोप है कि इस बेजाकब्जा में पंचायत प्रतिनिधियों की भी मौन सहमति है इसलिए उनके द्वारा कोई आपत्ति नहीं की गई। जिस जगह पर स्कूल भवन का निर्माण किया जा रहा है। वह राजस्व रिकार्ड में छोटे झाड़ के जंगल के रूप में दर्ज है। ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने की मांग की है। एक ओर जिला प्रशासन हर बैठक में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का निर्देश एसडीएम, तहसीलदार को जारी करता है मगर इसका भी कोई असर नहीं हो रहा है। इस संबंध में बम्हनीडीह तहसीलदार से पूछे जाने पर उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

जिन व्यक्तियों के द्वारा शासकीय भूमि पर स्कूल भवन बनवाया जा रहा है उन व्यक्तियों को ग्राम पंचायत करनौद से 40 डिसमिल का प्रस्ताव दिया गया है जबकि कायदे से पंचायत व अन्य शासकीय विभागों से एनओसी लेने के बाद भूमि आबंटन के लिए कलेक्टर के समक्ष आवेदन करने और वहां से स्वीकृत होने के बाद ही निर्धारित राशि जमा करने पर जमीन आबंटन की कार्रवाई होती हैमगर महज पंचायत के प्रस्ताव को ही भूआबंटन का प्रमाण पत्र मानकर बेखौफ निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## शिक्षा विभाग के कामकाज पर प्रशासन का फोकस, बेहतर देना होगा वातावरण जिले में

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने पामगढ़ विकासखंड के जनपद पंचायत पामगढ़ एवं विकासखंड बम्हनीडीह के लिए चांपा के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के सभाकक्ष में विकासखंड शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु गुणात्मक शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिले के विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों को जिले के परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने हेतु कार्ययोजना बनाकर प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए कहा।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही शिक्षक, विद्यार्थी समय पर शाला में उपस्थित रहे, समय सीमा में पाठ्यक्रम को पूर्ण किया जाए, साप्ताहिक, प्रतिमाह, त्रिमासिक पढ़ाई का मूल्यांकन किया जाए इसके अलावा कमजोर बच्चों के लिए एक्स्ट्रा क्लास लगाई जाए। सभी परीक्षा परिणामों को विनोबा एप में संधारित करने सहित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की नियमित जानकारी को भी विनोबा एप संधारित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने माह के अंतिम शनिवार को पालक, शिक्षक बैठक का आयोजन किया





जाए। कलेक्टर ने नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व स्कूलों की मरम्मत आदि कार्य के अलावा मध्यान भोजन, किचन व्यवस्थित करते हुए सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने 18 जून को होने वाले शाला प्रवेश उत्सव को लेकर स्कूलों में आवश्यक मरम्मत, साफ़-सफ़ाई एवं मूलभूत समस्याओं का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव के दिन गणवेश व पाठ्यपुस्तक का भी वितरण करने की तैयारी करने कहा।

कलेक्टर ने नवोदय परीक्षा, एन ए एस परीक्षा एवं सैनिक स्कूल की परीक्षा की तैयारी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने शाला प्रवेशोत्सव, भवन व परिसर की साफ-सफाई, छात्रवृत्ति, जाति निवास प्रमाण पत्र, परीक्षा आकलन आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत बच्चों की समुचित प्रवेश कराएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को बच्चों के अध्ययन-अध्यापन के अलावा शिक्षकों की उपस्थिति की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बचपन से ही बच्चों की झिझक दूर करने के लिए बोलेगा बचपन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन बच्चे मंच पर आकर अपना परिचय, सुविचार आदि प्रस्तुत करते है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव, एसडीएम पामगढ़ वाहिदुर्रहमान शाह, एसडीएम चांपा नीरनिधि नंदेहा, डीईओ अश्वनी भारद्वाज, डीएमसी राजकुमार तिवारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित**

इस अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षकों का सम्मान किया। पोस्ट ऑफ द मंथ एवं समर कैम्प जैसी गतिविधियों में बेहतर कार्य करने पर रामेश्वर प्रसाद बंजारे, उपेन्द्र ध्रुव, मधुसुदन शर्मा, घनश्याम दिनकर, शैलेन्द्र कुमार जांगड़े प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत पामगढ़ के परिसर में पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रशंसा की।

## कलेक्टर ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसों का औचक निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने विकासखंड पामगढ़ के ग्राम भैसो एवं विकासखंड बम्हनीडीह के ग्राम सोंठी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसों पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कमियां पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों का वेतन काटने के निर्देश बीएमओ को दिए। उन्होंने विभिन्न वार्डों का अवलोकन भी किया। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित स्टाफ, परिसर की साफ-सफाई, दवाईयों की उपलब्धता सहित मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की



जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें। उन्होंने जनरल वार्ड में भर्ती मरीज पालाराम, संतोषी एवं ललिता से उनके किये जा रहे इलाज और मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसों प्रसव कक्ष के निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सा उपकरणों, दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली। जहां दवाई कम उपलब्धता मिली, पंजी का संधारण नहीं किया गया था एवं अस्पताल में भर्ती मरीजों का आईपीडी पर्ची नहीं बनाई गई थी।

जिस पर कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित स्टॉफ को कड़ी फटकार लगाते हुए संबंधितों के वेतन काटने की कार्यवाही करने के निर्देश बीएमओ को दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड एण्ट्री प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ही करने कहा। साथ ही ऑनलाइन पोर्टल में भी दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसों एवं सोंठी स्टॉक रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए पंजी का मुख्य स्टाक पंजी से मिलान करने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने दवाईयो का मिलान स्टॉक पंजी से करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी स्टाफ को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम वहीदूर्रहमान शाह, एसडीएम चांपानीरनिधि नंदेहा, बीएमओ सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 10 हाईवा/ट्रेलर जप्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग के द्वारा अकलतरा, तरौद एवं मुलमुला क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक जॉच किया गया।



खनिज अधिकारी श्री हेमंत चेरपा ने बताया कि खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिला जांजगीर चांपा के द्वारा अकलतरा, तरौद एवं मुलमुला क्षेत्रों के जॉच के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन के 07 एवं निम्न श्रेणी चूना पत्थर 03 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 10 हाईवा, ट्रेलर को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही में हेमंत चेरपा खनि अधिकारी तथा खनिज विभाग के एवं टीम का सराहनीय योगदान रहा।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## बेजा कब्जा नही हटाने से जनता का बढ़ रहा आक्रोश

**जांजगीर चांपा।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भाटापारा कुटरा स्कूल के शासकीय भूमि पर ग्रीष्मावकाश पर मोहन लाल सुर्यवंशी एवं शत्रुहन सुर्यवशी द्वारा बेजा-कब्जा किया जा रहा है। जिसकी शिकायत कलेक्टर से दिनांक 03 जून को की गई थी, दिनांक 16 जून 2024 को तहसीलदार जाँजगीर ने मौके की मुआयना किया था तथा सभी बेजा कब्जाधारियों को बेजा कब्जा हटाने को कहा गया था । इसके बाद भी किसी ने अपना बेजा कब्जा नहीं हटाया है और मोहन लाल सुर्यवंशी ने तो पक्का अहाता निर्माण कर दिया। स्कूल परिसर के पास भेजो कब्जा किए जाने से गमीणों में आक्रोश पनप ने लगा है वही प्रशासन के सुस्त रवैया के कारण फिर से आवेदन लेकर कलेक्टर से फरियाद कर तत्काल बेजा कब्जा हटाने की मांग किए हैं। आवेदन देने वालों में सी डी सुधग,राजेश, राजू राज,बलराम,सुधा पाण्डेय, लता भमा आदि का नाम शामिल है।

## उपयोगी साबित नहीं हो सकी करोड़ों की लागत वाले काम

**जांजगीर - चांपा ।** जिला मुख्यालय जांजगीर में भी बड़े शहरों की तर्ज पर विभिन्न निर्माण कार्यों में जिम्मेदारों ने लाखों - करोडों रुपए खर्च तो कर दिए हैं लेकिन पूरा होने के बाद भी वह उपयोगी नहीं है। कुछ कार्यों का निर्माण हुए तो पांच से दस साल हो गए लेकिन इसका फायदा आज तक लोगों को नहीं मिल पाई। धरातल पर ये योजनाएं आज भी नहीं उतर पाई। इसमें व्यवसाय, साफ - सफाई, पेयजल , मनोरंजन से जुड़ी योजनाएं हैं। पांच माह बाद नगर सरकार बदल जाएगी और नई सरकार बन जाएगी।

मगर नगर पालिका के जिम्मेदारों की कार्यशैली को देखते हुए नहीं लग रहा है कि तब भी जो निर्माण पूरे हो गए हैं उसका लाभ शहरवासियों को मिल पाएगा। नगर पालिका की ये योजनाएं बिना प्लानिंग के काम, मेंटनेंस का अभाव और जिम्मेदारों के द्वारा मुंह मोड़ लिए जाने के कारण केवल शासन के पैसों की बर्बादी ही है। विकास कार्य के नाम पर सिर्फ राशि खर्च की गई है। मगर उसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। जबकि सभी निर्माण कार्य आम लोगों से जुड़े हुए हैं। सुचारू रूप से संचालन होता तो आम जनता को निश्चित रूप से इसका लाभ मिलता, उनकी कई समस्याएं सुलझ जाती। नगर पालिका परिषद द्वारा पौनी पसारी, एसएलआरएम सेंटर, वाटर एटीएम, सिटी स्टापेज, मोटर बोटिंग जैसे प्रोजेक्ट शुरू किए गए लेकिन इसका फायदा आम आदमी को नहीं मिल रहा है। अगर जिम्मेदारों के द्वारा इन कामों को पूर्ण करने के बाद इसको सुचारू रूप से चलाने की ओर में ध्यान दिया जाता तो जिला मुख्यालय जांजगीर की जिले में अलग पहचान भी बनती। मगर शहरवासियों को फायदा मिलने के बजाए ये आम जनता के लिए केवल हाथी के दांत जैसे साबित हो रहे हैं। पांच माह बाद नगरीय निकाय चुनाव होंगे मगर नगर पालिका के जिम्मेदारों की कार्यशैली को देखते हुए नहीं लग रहा है कि तब भी जो निर्माण पूरे हो गए हैं उसका लाभ शहरवासियों को मिल पाएगा। क्योंकि कुछ कार्यों का निर्माण हुए तो पांच से दस साल हो गए लेकिन इसका फायदा आज तक लोगों को नहीं मिल पाई है। एसएलआरएम सेंटर शहर में मिशन क्लीन सिटी के तहत नपा में चार एसएलआरएम सेंटर सेंटर बनना था। इनमें से एक एसएलआरएम सेंटर को नपा ने शहर से दूर पेण्ड्री गांव की जमीन पर ही बना दिया गया।

## निधन



**चांपा।** बरपाली चौक में प्रमोद बर्तन दुकान के संचालक, भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रमोद सराफ का 66 वर्ष की उम्र में 12 जून को आकस्मिक निधन हो गया है चांपा से गेमन पुल के पास बेरियर चौक हसदो नदी के तट पर पर सार्वजनिक मुक्तिधाम में उनके अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे डॉ. गौरव सराफ, वैभव सराफ के पिता एवम प्रदीप सराफ, सुधीर सराफ, अनिल सराफ के भाई थे।


**न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/976/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाचक/ 2024
कोरबा, दिनांक 06.06.2024

रा.प्र.क्र.-213/अ-2/2023-24
ग्राम- फुलसर, प.ह.नं.-14
तह.-पोड़ीउपरोड़ा, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 213/अ-2/2023-24 आवेदक श्री रामकृपाल साहू पिता श्री ननकुराम साहू, निवासी- ग्राम-फुलसर, तहसील-पोड़ीउपरोड़ा, जिला-कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 103/5 रकबा 0.051 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 21.06.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 6.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील — अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा. जिला- कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

पंजीयन क्रमांक :-202405050400007
अ-21 वर्ष 2023-24
ग्राम-सेमीपाली, प.ह.नं. 27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पदुम लाल साहू उम्र लगभग 56 वर्ष जाति-तेली निवासी-डी/82, सुभाष ब्लॉक कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा स्वत्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ग्राम-सेमीपाली, प.ह.नं.-27 रा.नि.मं.-कोरबा-2 तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित ख.नं. 45/2घ (शामिल ख.नं. 46/5) रकबा 0.016 हे./0.04 एकड़ भूमि को प्रस्तावित क्रेता-श्रीमती वंदना सिंह उम्र लगभग 41 वर्ष पति नरेन्द्र सिंह जाति राजपूत निवासी सिंह पाईप एंड फिटिंग्स, रेलवे स्टेशन मार्ग उरगा कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 165 (6-क) के तहत वाद भूमि को विक्रय करने की अनुमति चाहा गया है जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि को विक्रय करने की अनुमति दी जाती है तो जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 21.06.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 07.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार जिला- कोरबा (छ.ग.)

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/ 2225 Korba West, dtd. 07.06.2024
(e-Bidding) TENDER NOTICE No. 1282/2024

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Works/ Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100037065 | Annual Medical Examination of Officers & Employees of HTPS, Korba West. | 590/- | 10,870/- | 28.06.2024 |
| 2. | Rfx No. 8100037070 | Annual Medical Examination of Contract Workers of HTPS, Korba West. | 590/- | 13,760/- | 28.06.2024 |
| 3. | Rfx No. 8100037071 | Deployment of One No. Vehicle (Category - SUV) for S.E. (O&M), HBHPS, Machadoli, Bango. | 590/- | 6,271/- | 01.07.2024 |
| 4. | Rfx No. 8100037072 | Deployment of One No. Vehicle SUV (Earlier Jeep) for E.E. (BMD-II: PP&M, TMD-II & TMD Aux-II), HTPS, KWB. | 590/- | 6,200/- | 01.07.2024 |

NOTE:-1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in - e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.

S-40341/3

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिवनी**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिवनी, विकासखण्ड-नवागढ, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के अन्तर्गत ग्राम सिवनी के तालाब का अनुबंध के आधार पर अवधि समाप्त हो चुका है जिसको पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर मासिक बैठक एवं ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर आवेदन प्रक्रिया हेतु संबंधित विभाग को सूचना दिया गया है। जिसमे सिवनी के ठाकुरदिया तालाब को मेला स्थल के पास रहने के कारण एवम नवरात्रि पर्व मे मेला लगने के कारण पंचायत द्वारा निस्तारी के लिए छोड़ा गया है। अन्य तालाबो को पट्टे पर दिया जाना है।आवेदन प्रक्रिया एवं ईश्तहार के लिए पंचायत द्वारा ईश्तहार निकाला गया है एवं विभागीय कार्यालय को सूचनार्थ किया जा चुका है । जिन तालाबों को 10 वर्षीय पट्टे पर दिया जाना है वह नीचे दर्शायी गयी है।

01. देवरहा तालाब 02. अमहा तालाब 03. सिंघिया तालाब 04. बंधवा तालाब 05. गतवा तालाब 06. रामाबांधा तालाब 07. सत्तरा भांठा तालाब 08. पैठू तालाब 09. लिमोहिया 10. मुंगहा तालाब 11. टिकुलिया तालाब 12. उरैहा तालाब 13. जोगी डबरी 14. डीपरी पार नया तालाब 15. शंकर डबरी।

अत: जिन संस्था एवं मछुवारा समिति को तालाब ठेके में लेना है वह ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं । शासन के नियमानुसार आवंटन किया जाएगा।

श्रीमती बाई
सरपंच
ग्राम पंचायत- सिवनी ( नैला )

**नोटिस/विज्ञापन/इश्तहार**

दिनांक, 10.06.202

एतद् द्वारा ऑल इण्डिया शिड्यूलकास्ट, ट्राईब्स एवं बैकवर्ड क्लासेस एम्पलाईज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल कोलकाता-12 को सूचित करना चाहूंगा कि एसईसीएल में संचालित ऑल इण्डिया शिड्यूल कास्ट, ट्राईब्स एंड बैकवर्ड एम्पलाईज काउंसिल के लेटर पेड में भुलवश (ऑफिलियेटेड-DSCWA) प्रिंट हो गया है। जिसके लिए मुझे खेद है। आज दिनांक 10.6.24 से पुनः इस गलती का पुनरावृत्ति नहीं होगी, साथ ही साथ एसईसीएल के समस्त काउंसिल प्रतिनिधियों से अनुरोध है अपनी-अपनी लेटर हेड में DSCWA विलुप्त कर देवें।

ए. विश्वास
महामंत्री (SECL)
General Secretary (C)
NSTBE Co-ordination Council

**अनमोल वचन......**

**जो सुख में साथ दे वो रिश्ते होते है और जो दुःख में साथ दे वो फ़रिश्ते होते है!**

# मौद्रिक नीति यथावत

*भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार आठवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है यानी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों को 6.5 फीसद पर बनाए रखा है। रिजर्व बैंक ने आखिरी बार 4 फरवरी, 2023 को दर 0.25 फीसद बढ़ाकर 6.5 फीसद की थी। सात जून को आरबीआई के गर्वनर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिनी बैठक में लिए गए इस बाबत निर्णय की जानकारी देते हुए ब्याज दरों के यथावत रहने की घोषणा की यानी मकान, वाहन और अन्य कर्ज महंगे नहीं होंगे। समिति के छह में से चार सदस्यों ने ब्याज दरों को यथावत बनाए रखने जबकि दो सदस्यों ने इससे अलग राय जताई थी। दरअसल, आर्थिक वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है जबकि मुख्य मुद्रास्फीति में नरमी से खुदरा महंगाई में लगातार कमी आ रही है। ईंधन की महंगाई दर में भी कमी जारी है।*

*इसलिए केंद्रीय बैंक के लिए ब्याज दरों को यथावत बनाए रखने में आसानी रही। लेकिन महंगाई की दर के अपेक्षित से ज्यादा बने रहना सरकार के लिए चिंता का सबब अवश्य है और वह महंगाई चार फीसद के मानक स्तर पर लाने के लिए बराबर सतर्कता बरत रही है। उसकी चुनौती इस मोर्चे पर कड़ी है क्योंकि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक 2023-24 में महंगाई 4.83 फीसद दर्ज की गई जो अपेक्षित स्तर से ऊंची है। इसके निकट भविष्य में नीचे आने की उम्मीद भी नहीं है। अलबत्ता, वर्ष के ज्यादातर समय इसके 4.5 फीसद के आसपास बने रहने का आकलन है।अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति में मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि की गति के मद्देनजर रिजर्व बैंक पहले ही पूर्वानुमान लगा चुका था कि मुद्रास्फीति 4.5 फीसद के आसपास रहेगी। बाजार का भी यही आकलन था। इस बीच, केंद्र में गठबंधन सरकार शपथ ले चुकी है। भले ही सरकार के रुख को लेकर अनिश्चितता है लेकिन इतना तय है कि सरकार का रुख लचीला रहेगा। वह कुछ डेफिसिट के साथ भी काम चलाना चाहेगी बशत्रे आम जन को सहूलियत मिले। मानसून निकट है, और अच्छा मानसून रहने के अनुमान से भी मौद्रिक मैकेनिज्म से दामों को काबू में रखने का उपाय कारगर माना जाएगा। यही कारण है कि रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति को यथावत रखने के साथ ही मुद्रास्फीति में कमी लाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है।*

## राशिफल

**मेष राशि**-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे, आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है।

**वृष राशि**-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ टाईम स्पेंड करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको फायदा होगा। आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ हो सकता है। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। आप कोई भी अवसर हाथ से ना जाने दें।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी बातें शेयर कर सकते हैं। इससे आपके मन की उलझन थोड़ी कम होगी। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आज किसी रिश्तेदार की मदद मिल सकती है।

**सिंह राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जाएगा... साथ ही अन्य कामों की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी। घर का माहौल बेहतर बना रहेगा।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की कुछ उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जाएगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आज आपके आस-पास के लोग आपके व्यवहार की तारीफ करेंगे। आज आप कोई महत्वपूर्ण काम समय से पहले निपटा लेंगे, सीनिअर आपके काम की तारीफ करेंगे।

**तुला राशि**-आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाएगा। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं तो अचानक आपको किसी काम के लिए बाहर भेजा जा सकता है। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे, लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। आपका जीवनसाथी आपको कोई बड़ी खुशखबरी देंगे। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्राँग रहेंगे। इंजीनियर्स को कोई बड़ा फायदा होगा। इस राशि के मैनेजर पॉस्ट के लोग अपने काम को अच्छे से संभालेंगे।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिए फायदेमंद रहेगी। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं। अपने कठिन विषयों को समझने के लिए किसी की मदद लेगे।

**मकर राशि**-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से आपको मदद मिलेगी, जिससे काम करने में आसानी होगी। किसी काम में माता-पिता की सलाह फायदेमंद साबित होगी। जीवनसाथी के साथ किसी रेस्टोरेंट में डिनर करने का प्लान बनायेंगे। इससे आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई ऐसा काम दिया जाएगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है।

**मीन राशि**-आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटिड हो सकती है। आज आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। इससे आपका मन खुश रहेगा। इस राशि के बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग ले सकते हैं।

# संघ प्रमुख भागवत ने भाजपा और मोदी को खरी खरी सुना कर क्या संदेश दिया है ?

**नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला तो देश-दुनिया से बधाई संदेश आने लगे लेकिन भारतीय जनता पार्टी के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत ने इसी बीच मोदी सरकार और भाजपा को जिस तरह खरी-खरी सुनाई उससे सब आश्चर्यचकित हैं। हालांकि विपक्ष ने भागवत की टिप्पणियों का स्वागत किया है। देखा जाये तो मणिपुर की अशांति को लेकर भाजपा की चुप्पी पर मोहन भागवत ने जो कुछ कहा है वह एनडीए सरकार के लिए बड़ी चेतावनी की तरह है। मणिपुर में अब भी जिस तरह से हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि वहां के मुद्दे हल करने में केंद्र और राज्य सरकार नाकाम रही हैं।**



इसके अलावा, आरएसएस प्रमुख ने अपने संबोधन के जरिये जिस तरह के तेवर दिखाये हैं उससे प्रदर्शित हो रहा है कि इस बार स्पष्ट बहुमत से दूर रही भाजपा को सिर्फ अपने गठबंधन सहयोगियों को ही साथ लेकर नहीं चलना होगा बल्कि संघ परिवार के लोगों को भी साथ लेकर चलना होगा। आरएसएस के कई पदाधिकारी इस बात को स्वीकार रहे हैं कि चुनावों से पहले भाजपा ने अति आत्मविश्वास के साथ अबकी बार 400 पार का नारा लगाना शुरू किया था तब संघ परिवार के लोगों ने उन्हें जमीन पर रह कर काम करने की सलाह दी थी लेकिन पार्टी के नेताओं को मोदी है तो मुमकिन है नारे पर इतना भरोसा हो गया था कि उन्होंने किसी की नहीं सुनी और आखिरकार मुंह की खानी पड़ी। देखा जाये तो लगभग ऐसी ही स्थिति साल 2004 के लोकसभा चुनावों के दौरान भी हुई थी जब भाजपा के नेता इंडिया शाइनिंग के नारे पर इतना भरोसा कर रहे थे कि उन्होंने जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर दी थी। रही सही कसर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के कथित तौर पर आरएसएस के बारे में दिये गये बयान से पूरी हो गयी थी। चुनावों के बीच ही आरएसएस कार्यकर्ताओं ने जिस तरह भाजपा से दूरी बना ली थी उससे पार्टी के चुनावी प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ा।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस तरह इशारों इशारों में भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाये हैं उससे यह भी संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा के नये अध्यक्ष के चयन में अब नागपुर की ज्यादा चलेगी। हम आपको याद दिला दें कि 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की हार के बाद भागवत की पहल पर ही नितिन गडकरी को नागपुर से दिल्ली भेजा गया था ताकि वह पार्टी को संभालें। उस समय भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, सुषमा स्वराज और अनंत कुमार जैसे नेता दिल्ली की राजनीति में प्रभावी थे लेकिन सबको दरकिनार कर गडकरी को लाया गया था।जहां तक मोहन भागवत के संबोधन की बात है तो आपको बता दें कि एक तो उन्होंने मणिपुर में एक वर्ष बाद भी शांति स्थापित नहीं होने पर चिंता जताई है साथ ही देश के सभी समुदायों के बीच एकता पर जोर दिया है। आरएसएस प्रमुख ने साथ ही चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर भी जोर दिया है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद अपनी पहली टिप्पणी में भागवत ने कहा है कि नतीजे आ चुके हैं और सरकार बन चुकी है, इसलिए क्या और कैसे हुआ आदि पर अनावश्यक चर्चा से बचना चाहिए। भाजपा की सीटें घटने की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आरएसएस ''कैसे हुआ, क्या हुआ'' जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि संगठन केवल मतदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने का अपना कर्तव्य निभाता है।

इसके अलावा, सत्ता पक्ष और विपक्ष के संबंधों में जिस तरह की खटास हाल के वर्षों में देखने को मिली है उस ओर इशारा करते हुए भागवत ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि आम जनता के लिए काम किया जा सके। भागवत ने स्पष्ट कहा है कि चुनाव बहुमत हासिल करने के लिए होते हैं और यह एक प्रतिस्पर्धा है, युद्ध नहीं। उन्होंने विपक्ष को विरोधी कहने की बजाय प्रतिपक्ष नाम से पुकारने का सुझाव भी दिया है। भागवत का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि राजनीतिक दल और नेता एक-दूसरे की बुराई कर रहे हैं, लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि इससे समुदायों के बीच दरार पैदा हो सकती है। भागवत का इस बात पर अफसोस जताना भी स्वाभाविक ही था कि आरएसएस को बिना किसी कारण राजनीतिक विवादों में घसीटा जाता है।

दूसरी ओर, भले इस बार का लोकसभा चुनाव बिना किसी विघ्न के संपन्न हुआ लेकिन इस बार के लोकसभा चुनावों में मिथ्या प्रचार और अफवाहों का बाजार खूब देखने को मिला। इस ओर भी इशारा करते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा है कि चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने परोक्ष तौर पर डीपफेक आदि की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा कि तकनीक का उपयोग करके झूठ फैलाया गया। हम आपको याद दिला दें कि चुनावों के बीच ही गृह मंत्री अमित शाह का आरक्षण के बारे में विवादित बयान वाला डीपफेक वीडियो जारी किया गया था जिसे कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा भी कर दिया था।इसके अलावा, भागवत ने देश की विविधता का सम्मान करते हुए आगे बढ़ने की नसीहत देते हुए यह भी कहा कि एक दूसरे की उपासना पद्धति का सम्मान किया जाना चाहिए। भागवत का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि इस्लाम और ईसाई जैसे धर्मों की अच्छाई और मानवता को अपनाया जाना चाहिए और सभी धर्मों के अनुयायियों को एक-दूसरे का भाई-बहन के रूप में सम्मान करना चाहिए। देखा जाये तो भागवत की यह नसीहत उन लोगों के लिए खासतौर पर है जो टीवी की बहसों और सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणियों में धर्म विशेष को निशाना बनाते हैं। यकीनन ऐसे लोगों के चलते ही समुदायों के बीच अविश्वास बढ़ता है।इसके अलावा, जो लोग बात-बात पर दूसरों को देश छोड़कर कहीं ओर बस जाने की सलाह देते हैं, उनकी ओर इशारा करते हुए भागवत ने कहा है कि सभी को यह मानकर आगे बढ़ना चाहिए कि यह देश हमारा है और इस भूमि पर जन्म लेने वाले सभी लोग हमारे अपने हैं। आरएसएस प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया है कि कुछ लोगों की यह सोच कि केवल विदेशी विचारधाराएं ही सत्य हैं, समाप्त होनी चाहिए। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अतीत की बातों को भूलने और सबको अपनाने की सीख दी है। साथ ही उन्होंने जातिवाद को पूरी तरह से खत्म करने का आह्वान करते हुए अपने संगठन के पदाधिकारियों से समाज में सामाजिक सद्भाव की दिशा में काम करने के लिए कहा है। बहरहाल, संघ प्रमुख के नागपुर में दिये गये संबोधन को लेकर जिस तरह की राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं वह दर्शा रही हैं कि प्रतिपक्ष को भाजपा पर वार करने के लिए नया हथियार मिल गया है। खैर...पहले ही चुनावी नतीजों से परेशान दिख रही भाजपा यदि भागवत की नसीहत पर तत्काल प्रभाव से अमल करे तो यकीनन वह जल्द ही निराशा के भंवर से उबर सकती है।

# आसान नहीं होगा तीसरा कार्यकाल

//जीत द्विवेदी//

**नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरा कार्यकाल शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री स्वंय और भाजपा के अन्य नेता खूब आत्मविश्वास दिखा रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि सरकार के संचालन में कोई समस्या नहीं होगी। परंतु हकीकत उनको भी पता है। इस बार मोदी के लिए कामकाज पहले दो कार्यकाल की तरह आसान नहीं होगा। यह कहने का कतई यह आशय नहीं है कि उनके प्रधानमंत्री बने रहने में कोई समस्या आएगी। अगले पांच साल में उनकी सत्ता को कोई समस्या नहीं होगी। भाजपा की तरफ से या सहयोगी पार्टियों की ओर से सत्ता के लिए खतरा नहीं पैदा किया जाएगा। परंतु सरकार निरंतर दबाव में रहेगी, जिसकी आदत नरेंद्र मोदी को नहीं रही है। इस साल अक्टूबर में वे सत्ता के 23 साल पूरे करेंगे। वे अक्टूबर 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। शुरुआती कुछ चुनौतियों को छोड़ दें तो 2002 से दूसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद से लेकर अभी तक उनका राज एकछत्र रहा है। कभी गठबंधन की परवाह करने की उनको जरुरत नहीं रही और न उनके ऊपर कोई आलाकमान रहा। गुजरात में भी वे सत्ता राज्य के प्रधानमंत्री की तरह ही संभालते रहे।**

यह पहली बार है, जब वे अपने ऊपर दबाव महसूस करेंगे। अभी तो सारी चीजें अच्छी दिख रही हैं और पार्टी का भी समर्थन दिख रहा है। आरएसएस की ओर से भी कुछ नहीं कहा जा रहा है और सहयोगी पार्टियां भी बिना शर्त समर्थन दे रही हैं। लेकिन एक बार हनीमून पीरियड खत्म हुआ और कामकाज रूटीन में लौटा तो रोजमर्रा के कामकाज को लेकर भी दबाव और चुनौतियां सामने आने लगेंगी। सबसे पहली चुनौती सहयोगी पार्टियों के मंत्रियों के निजी स्टाफ की नियुक्ति, उनके विभागीय सचिवों की नियुक्ति और उनके स्वायत्त होकर काम करने की मांग को लेकर होगी। अगर एक बार ऐसी स्वायत्तता सहयोगी पार्टियों के मंत्रियों को मिली तो खरबूजे को देख कर खरबूजा रंग बदलता के अंदाज में भाजपा के अपने मंत्री भी पूरी नहीं तो आंशिक स्वायत्तता की मांग कर सकते हैं और नहीं मिलने पर विरोध जता सकते हैं।

ध्यान रहे अभी तक मंत्रियों को निजी स्टाफ और उनके मंत्रालयों के विभागीय सचिवों की नियुक्ति केंद्रीकृत तरीके से होती रही है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली नियुक्ति समिति सारी नियुक्तियां करती हैं। इस समिति में प्रधानमंत्री के अलावा राजनाथ सिंह और अमित शाह सदस्य थे। एकाध मंत्रियों को छोड़ दें तो शायद ही कोई मंत्री पसंदीदा सचिव या स्टाफ की मांग कर सकता था। लेकिन सहयोगी पार्टियों के मंत्रियों के साथ यह रूटीन काम नहीं करने वाला है।

सहयोगी पार्टियों के कई ऐसे नेता मंत्री बने हैं, जो मंत्रालयों के कामकाज से पहले से वाकिफ हैं और नौकरशाही की समझ भी रखते हैं। वे अपने राज्य के भरोसेमंद अधिकारियों को रखने की जिद कर सकते हैं। ऐसा होने पर सरकार के कामकाज पर कैबिनेट सचिवालय और प्रधानमंत्री सचिवालय की जो आइरन ग्रिप है वह कमजोर पड़ेगी। इससे सब कुछ एक जगह से संचालित होने और एक ही नेता को हर काम का श्रेय मिलने की अब तक चली आ रही परंपरा भी खत्म हो जाएगी।

दूसरी चुनौती यह है कि सहयोगी पार्टियों के नेता खास कर दो बड़ी सहयोगी पार्टियों, जनता दल यू और तेलुगू देशम पार्टी की ओर से क्षेत्रीय आकांक्षा को ज्यादा महत्व दिया जाएगा। उनका रूझान अपने राज्य की ओर ज्यादा होगा। वे अपने राज्य के लिए ज्यादा से ज्यादा फंड लेने और विकास के काम करने का प्रयास करेंगे। इससे भी संतुलन प्रभावित होगा। ध्यान रहे तेलुगू देशम पार्टी ने आंध्र प्रदेश के लिए और जनता दल यू ने बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग भी की है। अगर विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलता है तो ये दोनों पार्टियां विशेष पैकेज की मांग करेंगी। यानी मंत्रालय के स्तर पर एक पूर्वाग्रह होगा और समर्थन हासिल करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पैकेज देने की जरुरत भी होगी। इससे क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं या हितों के बीच टकराव पैदा होगा। प्रधानमंत्री के नाते मोदी की प्राथमिकताएं राष्ट्रीय होंगी और उनको भाजपा शासित राज्यों का भी ध्यान रखना होगा।

तीसरी चुनौती कुछ विवादित मुद्दों या नीतियों को लेकर है। सेना में भर्ती की अग्निवीर योजना भी इसमें शामिल है। इसमें बदलाव की बात शुरू हो चुकी है। जनता दल यू की ओर से कहा गया कि इस पर विचार की जरुरत है तो बिहार की पांच सांसदों वाली लोक जनशक्ति पार्टी की ओर से भी इसका समर्थन किया गया है। अगर जदयू, लोजपा और टीडीपी तीनों पार्टियां इस मुद्दे पर एक साथ आती हैं तो सरकार को इस पर विचार करना होगा। भले इसे पूरी तरह से समाप्त नहीं किया जाए लेकिन इसकी सेवा शर्तों को बेहतर बनाने की बात हो सकती है। ध्यान रहे विपक्षी पार्टियों को कई मुद्दों पर सरकार की फॉल्टलाइन का पता है।

विपक्ष को अंदाजा है किन मुद्दों पर भाजपा की सहयोगी पार्टियों को सरकार के खिलाफ खड़ा किया जा सकता है। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके ने नीट को इसमें शामिल किया है। एमके स्टालिन की पार्टी ने जेडीयू और टीडीपी दोनों से मांग की है कि वे मेडिकल में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षा नीट को समाप्त करने के लिए सरकार पर दबाव बनाए। ध्यान रहे अभी नीट की परीक्षा में हुई बड़ी गड़बड़ी सामने आई है, जिसके बाद से इस पर सवाल उठ रहे हैं। टीडीपी को इस मसले पर डीएमके का साथ देने में समस्या नहीं होगी। ऐसे ही मुसलमानों के आरक्षण का मामला है। टीडीपी अपने राज्य में मुसलमानों को आरक्षण बनाए रखने के पक्ष में है और नीतीश भी इसके समर्थन में हैं।

चौथी चुनौती मजबूत विपक्ष की है। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार इतना मजबूत विपक्ष लोकसभा में बैठेगा। पिछली बार भाजपा के 303 सांसद थे और एनडीए के सांसदों की कुल संख्या साढ़े तीन सौ के करीब थी लेकिन ऐसा नहीं था कि बाकी दो सौ सांसद विपक्ष में थे। उसमें बीजू जनता दल के 12 और जगन मोहन के 22 सांसद तटस्थ रुख रखते थे और मुद्दों के आधार पर सरकार को समर्थन देते थे। इनके अलावा भाजपा विरोधी ज्यादातर पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ कर आई थीं। तभी वास्तविक विपक्ष एक सौ से भी कम सांसदों का था। लेकिन इस बार गठबंधन बना कर साढ़े चार सौ से ज्यादा सीटों पर विपक्ष ने चुनाव लड़ा और 204 सांसद 'इंडिया' ब्लॉक के चुन कर आए हैं। किसी विपक्षी पार्टी या चुनाव पूर्व विपक्षी गठबंधन की यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। इसमें ममता बनर्जी के 29 सांसदों को जोड़ दें तो विपक्ष की संख्या 233 हो जाती है। यानी 293 का पक्ष और 233 का विपक्ष। इतने मजबूत विपक्ष के होते सरकार के लिए मनमाने फैसले करना मुश्किल होगा। विधायी कामकाज में भी सरकार को विपक्ष के साथ सहमति बना कर ही फैसला करना होगा। यह भी संभव है कि सत्तापक्ष की कुछ पार्टियां या सांसद मुद्दा विशेष के आधार पर विपक्ष के साथ हो जाएं तो सरकार के लिए और मुश्किल होगी। इस साल जिन राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं उनमें से महाराष्ट्र में गठबंधन को लेकर अनिवार्य रूप से खींचतान होगी। कैबिनेट मंत्री पद को लेकर अजित पवार की पार्टी के साथ विवाद शुरू भी हो गया है। अगले साल बिहार में भी चुनाव है और वहां भी गठबंधन के अंदर तनाव बढ़ सकता है। इस राजनीतिक चुनौती से निपटना भी एक बड़ा काम होगा। एक अन्य राजनीतिक चुनौती भाजपा और आरएसएस के संबंधों को साधने की होगी। अभी तक आरएसएस की ओर से सरकार और पार्टी के कामकाज में कोई दखल नहीं दिया जाता था। एक चुनौती आर्थिक सुधारों और विनिवेश की प्रक्रिया को लेकर रहेगी। ऐसा लग रहा है कि इस दिशा में कोई बड़ी पहल नहीं होगी।

## तस्वीरों की दुनिया



तृणमूल छात्र परिषद के सदस्य कोलकाता में नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ विरोध मार्च में भाग लेते हुए।



जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री का पदभार ग्रहण किया।



शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान के साथ केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री का पदभार ग्रहण किया।



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।



जीतन राम मांझी ने नई दिल्ली में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री का पदभार ग्रहण किया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान गंवाने वाले पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने पटना में अपने परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया।

# लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे अगले सेना प्रमुख

**नईदिल्ली, 12 जून [एजेंसी]।**

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी अगले थलसेना प्रमुख होंगे। वह जनरल मनोज पांडे का स्थान लेंगे। जनरल पांडे 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी वर्तमान में थलसेना के उप-प्रमुख हैं।लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी की नियुक्ति में सरकार ने वरिष्ठता के सिद्धांत का पालन किया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि वर्तमान में थलसेना के उप-प्रमुख के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को सरकार ने अगला थलसेना प्रमुख नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 30 जून की दोपहर से प्रभावी होगी।


गौरतलब है कि पिछले महीने सरकार ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए सेवानिवृत्ति से पहले जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने के लिए बढ़ा दिया था। जनरल पांडे को 31 मई को सेवानिवृत्त होना था। सरकार के इस कदम से ये अटकलें लगाई जा रही थीं कि थलसेना प्रमुख पद के लिए संभवत। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी की अनदेखी की जा सकती है।लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी के बाद थलसेना में वरिष्ठतम अधिकारी दक्षिणी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह हैं। एक जुलाई, 1964 को जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी 15 दिसंबर, 1984 को सेना में शामिल हुए थे। उन्होंने रीवा



स्थित सैनिक स्कूल से शिक्षा प्राप्त की है। रीवा सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र रहे लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को 1984 में 18 जम्मू और कश्मीर राइफल्स में नियुक्त किया गया था, इस इकाई की उन्होंने बाद में कमान संभाली। उनको उत्तरी और पश्चिमी दोनों थिएटरों के संतुलित इक्सपोशर का अनूठा गौरव प्राप्त है। एक जुलाई, 1964 को जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सेना की इन्फैंट्री (जम्मू और कश्मीर राइफल्स) में कमीशन मिला था। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, 40 वर्षों की लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने विभिन्न कमांड, स्टाफ, इंस्ट्रक्शनल और विदेशी नियुक्तियों में काम किया है।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी के पास कश्मीर घाटी, भारत-म्यांमार सीमा पर असम राइफल्स सेक्टर, इंस्पेक्टरेट जनरल असम राइफल्स (आईजीएआर, पूर्व) में अपनी बटालियन की कमान संभालने का एक व्यापक अनुभव है। उन्होंने बख्तरबंद ब्रिगेड, सैन्य संचालन महानिदेशालय, सैन्य सचिव शाखा और डिवीजनल और कोर मुख्यालय में स्टाफ ऑफिसर के रूप में काम किया है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी के पास रक्षा एवं प्रबंधन अध्ययन में एम.फिल. तथा सामरिक अध्ययन एवं सैन्य विज्ञान में दो मास्टर डिग्री हैं। उन्हें तीन जी.ओ.सी.-इन-सी. प्रशस्ति पत्र भी मिल चुके हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी को परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल से भी सम्मानित हो चुके हैं।

# जम्मू पुलिस ने जारी किया रियासी के आतंकी का स्केच, 20 लाख का इनाम घोषित



**जम्मू, 12 जून [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रियासी हमले में बड़ी कार्रवाई की है। इस हमले में शामिल आतंकी का स्केच जारी किया है। साथ ही उनकी सूचना देने वालों को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। दरअसल, बीते रविवार नौ जून को शिवखोड़ी से वापस कटरा आ रही बस पर आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। ड्राइवर के गोली लगने के बाद श्रद्धालुओं से भरी ये बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हमले में नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि, 41 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए।चश्मदीदों के अनुसार, अगर बस खाई में न गिरती तो आतंकी सभी श्रद्धालुओं को मारने की फिराक में थे। इस हमले के बाद रियासी क्षेत्र के साथ ही पूरे देश में हड़कंप मच गया। राहत बचाव का कार्य शुरू हुआ। वहीं, सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों की तलाश शुरू कर दी। हालांकि, आतंकी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। रियासी में शिव खोड़ी यात्रियों पर आतंकी हमले के बाद से आतंकियों की तलाश में पुलिस व सुरक्षा बलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। बड़े स्तर पर छेड़े गए इस अभियान में हेलीकॉप्टर, यूएवी, ड्रोन और कई अन्य अत्याधुनिक उपकरणों के अलावा खोजी श्वानों की मदद भी ली जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, 20 से अधिक लोगों से पूछताछ की जा रही है। हर किसी में यह सवाल उठ रहा है कि घटना को अंजाम देखकर आतंकी किस तरफ गए होंगे।आतंकी घटना के बाद से पुलिस सेना और सीआरपीएफ द्वारा छेड़े इस संयुक्त अभियान में पुलिस व सुरक्षा बलों के 11 दल आपसी तालमेल बनाकर जंगलों को खंगाल रहे हैं। पुलिस के आलाधिकारी खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। घटनास्थल से अमेरिका निर्मित एम4 कार्बाइन राइफल की गोलियों के खाली खोखे मिलने और जिस तरह की नीति आतंकियों ने तीर्थ यात्रियों पर हमले में अपनाई है।उससे शक की सुई पाकिस्तानी आतंकवादी अब्बू हमजा, हदून और फौजी की तरफ इशारा कर रही है। वहीं, सुरक्षाबल हेलीकॉप्टर, यूएवी और ड्रोन की मदद से आकाश से भी नजर रख रहे हैं।

# सदन में एक-दूसरे को नीचा दिखाने की जरूरत नहीं, किरण रिजिजू ने अल्पसंख्यकों की असुरक्षा पर भी कही बड़ी बात



**नईदिल्ली, 12 जून [एजेंसी]।**

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि सरकार या विपक्ष को संख्या बल के आधार पर एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोई जरूरत नहीं है। रिजिजू ने यह बात संसदीय कार्य मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद कही। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती प्रल्हाद जोशी और राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और एल. मुरुगन की मौजूदगी में संसदीय कार्य मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद रिजिजू ने कहा कि सरकार ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की तारीखों पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। सत्र की तारीखों पर चर्चा चल रही है। हालांकि अधिकारियों ने कहा कि पहला सत्र जून के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जा सकता है। लोकसभा में विपक्ष की ताकत बढ़ने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमें संख्या बल के आधार पर एक-दूसरे को नीचा दिखाने की जरूरत नहीं है। सदन के अंदर हमें अच्छी बहस के लिए बोलने की कला का उपयोग करना चाहिए। रिजिजू ने कहा कि देश की जनता सर्वोच्च है। लोकसभा चुनाव के नतीजों में जनता के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए।

हम सभी को साथ लेकर चलने और संसद चलाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, जिन्हें सरकार चलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उन्हें सरकार चलाना चाहिए। जिन्हें विपक्ष का काम सौंपा गया है, उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। रिजिजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद की गरिमा बनाए रखने में योगदान देने की अपील की। किरण रिजिजू ने मंगलवार को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय का भी कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि देश में कोई भी असुरक्षित नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी दृष्टिकोण के कारण सभी का खयाल रखा जाता है।

# रियासी बस हमले के दो दिन बाद कठुआ में आतंकी हमला, सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ जारी, एक दहशतगर्द ढेर

**कठुआ, 12 जून [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ के हीरानगर इलाके के सैदा सुखाल में ग्रामीणों ने कथित तौर पर गोलियों की आवाज सुनी। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। ये जानकारी जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अपने एक्स अकाउंट पर दी है। सुरक्षाबल के पहुंचने के बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों में मुठभेड़ जारी हो गई। इस मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर हो गया है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार शाम को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास एक गांव पर आतंकवादियों द्वारा हमला करने और एक नागरिक को घायल करने के बाद सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। शेष छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए व्यापक अभियान जारी है, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे सीमा पार से घुसपैठ कर आए हैं। एडीजीपी अनंत जैन ने कहा कि दो आतंकवादी थे... घुसने के बाद उन्होंने कुछ घरों से पानी मांगा... सूचना मिलते ही एसएचओ और एसडीओ की टीमें मौके पर पहुंचीं। गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया। दूसरे आतंकवादी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है। अपुष्ट अफवाहें हैं कि कई लोग घायल हुए हैं और तीन की मौत हो गई है। लेकिन केवल एक नागरिक घायल हुआ है, इसके अलावा बंधकों के पकड़े जाने और मौत से जुड़ी सभी सूचनाएं अफवाह हैं... छत्तरगला में भारतीय सेना और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी चल रही है...जम्मू क्षेत्र में यह घटना दो दिन पहले आतंकवादियों द्वारा शिव खोरी मंदिर से कटरा जा रही तीर्थयात्रियों की एक बस पर हमला करने के बाद हुई है, जिससे बस सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिर गई, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 41 अन्य घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों ने मंगलवार शाम को यहां से 60 किलोमीटर दूर हीरानगर सेक्टर में कूटा मोड के पास सैदा सुखाल गांव पर हमला किया। इसके बाद सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकवादी मारा गया।अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादी के कब्जे से एक एके राइफल और एक बैग बरामद किया गया है, जिसकी पहचान और समूह से संबद्धता का पता लगाया जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट आने तक अभियान जारी था। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी गोलीबारी में एक नागरिक बिट्टू को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि वह जिले के शीर्ष नागरिक और पुलिस अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। यह उनके उधमपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण के घर पर आतंकवादियों ने हमला किया था।

इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि शाम करीब पौने सात बजे तीन लोगों की संदिग्ध गतिविधि के बाद पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों को गांव में भेजा गया। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों के शोर मचाने पर कुछ गोलियों की आवाजें सुनी गईं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि संदिग्ध आतंकवादियों ने गोलियां चलाईं। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों को मार गिराने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अभियान की निगरानी के लिए मौके पर पहुंच गए हैं।जिला पुलिस के डीएसपी मनजीत सिंह द्वारा जारी एक सूचना में बताया गया है कि सैडा सोहाल में आतंकी हमले में कोई भी स्थानीय नागरिक नहीं मारा गया है जबकि एक आतंकवादी को मार गिराया गया है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में दो और भारतीयों की मौत, रूसी सेना में जबरन किए गए थे भर्ती



**नईदिल्ली, 12 जून [एजेंसी]।**

रूस- यूक्रेन युद्ध में दो और भारतीयों की मौत हो गई है। मारे गए दोनों भारतीय रूसी सेना में जबरन भर्ती किए गए थे। भारत ने इस मामले को रूस के समक्ष जोरदार तरीके से उठाया है और रूसी सेना में शामिल सभी भारतीय नागरिकों की जल्द रिहाई और वापसी की मांग की है। इससे पहले भी रूस- यूक्रेन युद्ध में भारतीय नागरिक की मौत हो चुकी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान हाल ही में इन दोनों भारतीयों की मौत हुई है। मंत्रालय ने कहा, हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताते हैं। मास्को में हमारे दूतावास ने रक्षा मंत्रालय सहित रूसी अधिकारियों को पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द वापस भेजने की व्यवस्था करने को कहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, कई भारतीय रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के रूप में काम कर रहे हैं। उन्हें यूक्रेन के साथ रूस की सीमा पर कुछ क्षेत्रों में रूसी सैनिकों के साथ लड़ने के लिए मजबूर किया गया।

विदेश मंत्रालय ने कहा, विदेश मंत्रालय और मास्को स्थित भारतीय दूतावास ने नई दिल्ली में रूसी राजदूत और मास्को में रूसी अधिकारियों के समक्ष इस मामले को मजबूती से उठाया है ताकि रूसी सेना में शामिल सभी भारतीय नागरिकों की जल्द रिहाई और वापसी हो सके। भारत ने यह भी मांग की है कि रूसी सेना हमारे नागरिकों की भर्ती पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। हम भारतीय नागरिकों से रूस में रोजगार के अवसर तलाशते समय सावधानी बरतने का आग्रह करते हैं।

# भारतीय नौसेना का स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस शिवालिक पहुंचा जापान, समुद्री अभ्यास में लेगा भाग



**नईदिल्ली, 12 जून [एजेंसी]।**

भारतीय नौसेना का स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस शिवालिक द्विपक्षीय जापान-भारत समुद्री अभ्यास के आठवें संस्करण में भाग लेने के लिए जापान के योकोसुका पहुंच गया है। नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जापान-भारत समुद्री अभ्यास जिमेक्स 24 एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने का अवसर प्रदान करने के साथ आपसी सहयोग को बढ़ावा देने का काम करता है। इसके साथ ही हिंद-प्रशांत में समुद्री सुरक्षा के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए भारतीय नौसेना और जापान समुद्री आत्मरक्षा बल (जेएमएसडीएफ) के बीच परिचालन संबंधी सुविधा प्रदान करता है। अधिकारियों ने बताया कि जहाज का वाइस एडमिरल इटो हिरोशी, कमांडर जेएमएसडीएफ योकोसुका जिला और जापान में भारत के राजदूत सिबी जार्ज ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व आईएनएस शिवालिक कर रहा है और जेएमएसडीएफ का प्रतिनिधित्व गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉयर जेएस युगिरी द्वारा किया जा रहा है। दोनों नौसेनाओं के इंटीग्रल हेलीकॉप्टर भी संयुक्त अभ्यास में भाग लेंगे।

इस अभ्यास में बंदरगाह और समुद्री दोनों चरण शामिल हैं। स्टील्थ फ्रिगेट उस अत्याधुनिक युद्धक पोत को कहते हैं जो तेज गति से चलता है और इसकी गतिविधियों को रडार द्वारा पकड़ना कठिन होता है। क्यूबा जाने के रास्ते में रूसी युद्धपोतों ने अटलांटिक महासागर में सैन्य अभ्यास किया। सेना ने मंगलवार को यहा जानकारी दी। समझा जा रहा है मौजूदा तनावपूर्ण हालात के बीच रूस ने पश्चिमी देशों को सख्त संदेश देने के लिए अमेरिकी तट के करीब अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया।

# कम ईंधन पर उड़ता रहा तेजस लड़ाकू विमान सूरत हवाई अड्डे पर की इमरजेंसी लैंडिंग



**सूरत, 12 जून [एजेंसी]।**

भारतीय वायुसेना के एक तेजस लड़ाकू विमान को कम ईंधन के कारण मंगलवार सुबह सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। हवाई अड्डे के निदेशक एससी भालसे ने कहा कि स्वदेशी विमान के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से संपर्क किया और कम ईंधन के कारण आपातकालीन लैंडिंग का अनुरोध किया।चूंकि सूरत हवाई अड्डा निकट था, इसलिए पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग के लिए हमसे संपर्क किया। विमान सुबह 10-18 बजे सुरक्षित रूप से लैंड कर गया। गौरतलब है कि गुजरात के रक्षा पीआरओ ने अभी तक इस संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया है।

# मणिपुर हिंसा पर मोहन भागवत के बयान से मची सियासी हलचल, कांग्रेस ने दे डाली पीएम मोदी को ये सलाह

**नईदिल्ली, 12 जून [एजेंसी]।**

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की सलाह पर ध्यान देना चाहिए और मणिपुर का दौरा करना चाहिए, जहां पिछले एक साल से हिंसा चल रही है। एक रोज पूर्व भागवत ने एक साल बाद भी मणिपुर में शांति बहाल नहीं होने पर चिंता जताई थी और कहा था कि संघर्ष से जूझ रहे राज्य की स्थिति पर प्राथमिकता से विचार किया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भागवत शायद



पूर्व आरएसएस पदाधिकारी को पूर्वोत्तर राज्य जाने के लिए मना सकें, वहीं निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि विपक्ष की सलाह सुनना प्रधानमंत्री के डीएनए में नहीं है लेकिन उन्हें आरएसएस प्रमुख की बातों पर ध्यान देना चाहिए।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि भागवत ने अपनी चिंताओं को बहुत देर से व्यक्त किया है और दावा किया कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर सहित हर संकट पर चुप्पी बनाए रखी है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मोहन भागवत अपने अनुभव के आधार पर ऐसा कह रहे हैं। उन्हें जो अहंकार दिखाई दे रहा है, उसके बारे में ही कहा है। एक साल बाद मणिपुर पर मोहन भागवत की टिप्पणी से पता चलता है कि भाजपा और आरएसएस के बीच मतभेद है। इसे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उजागर किया था और अब यह भागवत के बयान से और स्पष्ट हो गया है। एनसीपी (शरद पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि हम मणिपुर मुद्दे पर सरकार से महीनों से सवाल कर रहे हैं।

मणिपुर की स्थिति पर संसद में काफी चर्चा हुई। मणिपुर देश का अभिन्न अंग है। उसके साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है। पिछले साल मई में मणिपुर में मैतेयी और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भड़क उठी थी। तब से करीब 200 लोग मारे गए हैं, जबकि बड़े पैमाने पर आगजनी के बाद हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं।

# यूपी के इस शहर में बुलडोजर ने मचाई तोड़-फोड़, रोकने के लिए सड़क पर आ गए लोग, खलबली मचते ही सामने आ गई हकीकत



**लखनऊ, 12 जून [एजेंसी]।**

कुकरैल नदी पर कब्जा करके अवैध रूप से बसाए गए अकबरनगर के ध्वस्तीकरण के दौरान उस समय हंगामा हो गया जब कुछ लोगों ने माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की। एक धार्मिक स्थल को तोड़ने की अफवाह कुछ शरारती तत्वों ने फैला दी। कुछ ही देर में आसपास के लोग जुट गए। हकीकत पता चलने के बाद मामला शांत हो गया। कुछ लोगों को हटाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। मंगलवार को 12 पोकलैंड मशीन और 11 जेसीबी से 105 अवैध तोड़े गए। इस दौरान एक जेसीबी पलट भी गई।सोमवार से अकबरनगर द्वितीय में एलडीए ने अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की है। एलडीए ने सोमवार को 48 अवैध निर्माण को तोड़ दिया था। मंगलवार को भी एलडीए के जेसीबी और पोकलैंड अवैध निर्माण को गिराने में जुट गए। कुकरैल नदी की तरफ अवैध आवासीय निर्माण को तोड़ा जा रहा था। इसी बीच एक धार्मिक स्थल के ठीक बगल वाला अवैध निर्माण तोड़ा गया। कुछ लोगों ने धार्मिक स्थल को तोड़े जाने की अफवाह फैला दी। कुछ ही देर में जेसीबी को रोकने के लिए कई लोग आ गए। इसका फायदा उठाकर गली के भीतर पत्थर चलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी और डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने पहले तो लोगों को शांत कराकर वहां से हटाया। कुछ शरारती तत्व हटने का नाम नहीं ले रहे थे, उन पर हल्का बल प्रयोग किया गया। इस बीच एलडीए के दस्ते ने अवैध व्यावसायिक इमारतों को तोड़कर गलियों तक पहुंचने का रास्ता बनाया। अवैध निर्माण के ध्वस्त होने के बाद कई लोग उनकी सरिया, दरवाजे और खिड़की निकालने पहुंच गए।

## यूपी पावर कारपोरेशन पर मेहरबान हुई योगी सरकार, कैबिनेट की बैठक में दे दी बड़ी गारंटी

**लखनऊ।** गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पावर कारपोरेशन को राज्य सरकार ने बड़ी राहत दी है। सरकार ने कारपोरेशन को एक हजार करोड़ रुपये लोन लेने की गारंटी देने का निर्णय किया है। कारपोरेशन द्वारा हुडको से 9.5 प्रतिशत की दर पर ऋण लिया जाएगा। सरकार ने ओबरा व घाटमपुर तापीय परियोजना के साथ ही बलिया में उपकेंद्र व ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण कार्य की लागत बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में ऊर्जा विभाग से संबंधित किए गए निर्णयों के बारे में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर कारपोरेशन द्वारा पीएफसी और आरईसी से लोन लिया जाता रहा है।

# यमन में समुद्री तट के पास हुआ बड़ा हादसा प्रवासियों से भरी नाव डूबी, 49 की मौत, 140 लापता



**काहिरा, 12 जून [एजेंसी]।**

यमन के तट के समीप प्रवासियों को लेकर जा रही नौका डूब जाने से कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई और 140 लापता हैं। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासी संगठन (आईओएम) ने मंगलवार को बताया कि नाव पर करीब 260 सोमालियाई और इथोपियाई सवार थे। अदन की खाड़ी से गुजरते समय सोमवार को यमन के दक्षिणी तट के समीप नौका डूब गई। आईओएम ने कहा कि तलाशी का काम जारी है और अभी तक 71 लोगों को बचाया जा सका है।

मारे गए लोगों में से 31 महिलाएं और छह बच्चे हैं।पूर्वी एवं अफ्रीका के दूसरे भागों से खाड़ी देश में काम की तलाश में पहुंचने के लिए यमन प्रवासियों के लिए एक प्रमुख मार्ग है। आईओएम ने पिछले महीने कहा था कि यमन में लगभग एक दशक तक चले गृहयुद्ध के बावजूद 2021 से 2023 तक प्रति वर्ष आने वाले प्रवासियों की संख्या तीन गुना बढ़ गई है। वर्तमान में यमन में लगभग 380,000 प्रवासी हैं।

# पूर्ण स्वच्छता के लिए कचरे के स्रोत स्थल पर ही हो हर तरह के कचरे का निपटानः डॉ आशुतोष

## ग्राम पंचायतों में स्वच्छता मानक अनुसार सूखा व गीला कचरा निपटान के लिए गतिविधियां जारी

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** हम बेहतर सामाजिक जीवन और स्वास्थ्य तभी पा सकते हैं जब हमारे आस-पास का वातावरण पूरी तरह से स्वच्छ हो। इसी उद्देश्य को लेकर ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत विभिन्न गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है।





जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में ग्रामीण स्वच्छता के लिए निरंतर जन जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही नगरीय निकायों की तर्ज पर ग्राम पंचायतों में भी कचरे का कलेक्शन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की दीदियों के माध्यम से किया जा रहा है। कोरिया जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्वच्छ ग्राम पंचायत बनाने के लिए आवश्यक है कि जिस जगह से कचरे का उत्पादन हो रहा है उसी स्तर पर कचरे का त्वरित निपटान किया जाए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिले को पूरी तरह से स्वच्छ रखने के लिए जन सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की जिला समन्वयक व ब्लाक समन्वयकों द्वारा ग्राम पंचायतों में स्वच्छता दीदियों की बैठक लेकर कचरे के निपटान के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है। इसके अलावा विभिन्न ग्राम पंचायतों में सूखे कचरे के एकत्रीकरण के लिए रिक्शा भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे प्रत्येक ग्राम पंचायत में साप्ताहिक तौर पर सूखे कचरे का कलेक्शन कराया जा रहा है।

जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि प्रत्येक ग्राम वासी अपने गांव में कचरा एकत्र करने वाली दीदियों को सहयोग करें और स्वच्छता शुल्क भी अवश्य प्रदान करें ताकि इस कार्य में लगी हुई महिलाओं को उनका पारिश्रमिक समय पर प्रदान किया जा सके। जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष ने बताया कि गत दिवस ग्राम पंचायत मधला में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वच्छता दीदियों को कचरा कलेक्शन के लिए रिक्शा भी प्रदान किया गया। उन्होने कहा कि ग्रामीण घरों में प्रत्येक दिवस कुछ न कुछ सूखा और गीला कचरा निकलता है। ग्रामीण अपने घरों से निकलने वाले गीले कचरे यानि जैविक अपशिष्ट के तौर पर निकलने वाले कचरे जिससे खाद बनाई जा सकती है उसे अपने घरों के पास नाडेप टैंक बनाकर गोबर व अन्य कृषि अपशिष्ट के साथ डालकर जैविक खाद बनाएं। तथा घरों से निकलने वाले सूखे कचरे को स्वच्छता दीदियों के माध्यम से गांव के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में भेजें ताकि उसे रिसाइकल करने के लिए अलग किया जा सके। सीईओ डॉ चतुर्वेदी ने कहा कि हर ग्रामीण अपने आस-पास के जलस्त्रोत को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक रहें और कोई भी कचरा खुले में ना फेंकें। इस तरह से सभी आपस में सहयोग की भावना से पूरे कोरिया को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जिला प्रशासन की मदद करें।

## कोरिया जिले में कृषि विभाग के नाक के नीचे धान बीज का अवैध भंडारण



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के नगर पालिका परिषद के द्वारा संचालित राष्ट्रीय आजीविका मिशन शहरी के अंतर्गत संचालित भवन जिसे महिला स्वयं सहायता समूह को अपने व्यवसाय हेतु आवंटित किया गया था महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा उक्त सरकारी भवन को धान बीज प्रदर्शन हेतु आवंटित किया गया था कृषि विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार का लाइसेंस समूह को जारी नहीं किया गया बावजूद इसके समूह के द्वारा अवैध भंडारण किया गया इतनी बड़ी मात्रा में धान बीज का भंडारण कृषि विभाग के नाक के नीचे विभाग से कुछ ही दूरी पर होना यह बताता है की विभाग इस मामले में कितना संवेदनशील है जब इस संबंध में विभागीय अधिकारी से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया की विभाग द्वारा समूह को किसी भी प्रकार का धान से बीज भंडारण के लिए लाइसेंस जारी नहीं किया गया है और ना ही उनके द्वारा कोई आवेदन कार्यालय में दिया गया आपको बता दे कि इसके पूर्व महिला समूह द्वारा वहां पैकेजिंग का कार्य किया जाता था जिसके लिए लाखों रुपए लागत की मशीन लगाई गई थी किंतु आज वह मशीन धूल खाती नजर आ रही है तो वही महिला समूह आर्थिक रूप से ऐसे में कैसे मजबूती प्राप्त करेगा यह एक बड़ा सवालिया निशान लगता है।



## आमजनों ने कलेक्टर के समक्ष रखी अपनी समस्या

**कोरिया बैकुंठपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के समक्ष 73 लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से समीक्षा करते हुए। संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में मुख्य रूप से राजस्व मामलों, प्रधानमंत्री आवास, मजदूरी भुगतान, पेयजल की समस्या, राशन कार्ड, सहित अन्य मामलों से सम्बंधित आवेदन प्राप्त हुए।

# हाई कोर्ट के प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करें:कलेक्टर

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा पर प्रकरणों का निराकरण करने तथा हाई कोर्ट के प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी खरीफ फसलो को लेकर संबंधित अधिकारियों से समय पर किसानों को खाद, मानक बीज समय पर वितरण करना सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर श्री लंगेह ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित जनपद सीईओ को निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिले इसके लिए सभी तकनीकी सहायकों को फील्ड में कार्य करने हेतु निर्देशित करें। कलेक्टर ने आगामी 18 जून को स्कूल खुलने से पहले सभी आवश्यक सुविधाएं व्यवस्थित करने के तथा मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित निर्माण एजेंसी को दिए। साथ ही स्कूलों की साफ-सफाई, रंग-रोगन, शौचालय आदि की व्यवस्था समय पूर्व करने को कहा। श्री लंगेह ने खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति जानकारी ली तथा समय पर किसानों को खाद-बीज उपलब्ध करने को कहा। उन्होंने बिना लायसेंस के खाद-बीज विक्रय करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा लायसेंस धारियों के गोदाम का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहें निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जो कार्य अपूर्ण व अप्रारंभ है, उन्हें शीघ्र प्रारंभ तथा पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए हैंडपंप, कुओं एवं अन्य पेयजल स्त्रोतों में क्लोरीन दवाई का छिड़काव सुनिश्चित करने को कहा।



सड़कों में आए दिन अवारा व घुमंतु पशुओं के होने से जनधन की हानि होने की आशंका बनी होती है। कलेक्टर ने ऐसे सभी पशु पालकों के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी ली। श्री लंगेह ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा पर प्रकरणों का निराकरण करने तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को वर्षा ऋतु पूर्व नामांतरण, बटांकन, सीमांकन व डायवर्सन के मामले को निराकरण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूलों व स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलखो, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, व संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर करने विशेष सचिव की अगुवाई में बनेगी कमेटी

**कोरिया।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विधानसभा सचिवालय में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था तथा मेडिकल कालेजों की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेश के मेडिकल कालेजों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को लेकर चिंता जाहिर की और उनके मानदेय को बढ़ाने तथा उन्हें नियमित करने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सुझाव पर स्वास्थ्य विभाग को एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं।



इस कमेटी में स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव नोडल अधिकारी होंगे। कमेटी में वित्त तथा स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारी के साथ ही किसी मेडिकल कालेज के डीन तथा सीनियर प्रोफेसर भी शामिल होंगे। ये कमेटी एक महीने में विशेषज्ञ चिकित्सकों के मानदेय और उनके नियमितिकरण करने के प्रावधान के बारे में पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के प्रावधानों और नियमों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बैठक में राजनांदगांव व कवर्धा समेत प्रदेश के सभी मेडिकल कालेजों की सुविधाओं व स्थापना को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग को लधु एवं दीर्घ लक्ष्य बनाकर काम करना चाहिए, ताकि समयबद्ध तरीके से काम हो सके और ज्यादा से ज्यादा लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को असिस्टेंट प्रोफेसर्स के रिक्त पदों को जल्द पीएससी के माध्यम से शीघ्र भर्ती करने की बात स्वास्थ्य मंत्री से कही। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बैठक में प्रदेश के निर्माणाधीन मेडिकल कालेजों के बारे में जानकारी लेते हुए उनकी शीघ्र स्थापना के लिए आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री जायसवाल ने राज्य के मेडिकल कालेजों और जिला अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार तथा खाली पदों को भरने को लेकर भी विभाग के उच्च अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ताकि राज्य की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक में विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, वित्त विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार, सीजीएमएससी की एमडी श्रीमती पद्मिनी भोई साहू, चिकित्सा शिक्षा के संचालक डॉ यू.एस. पैंकरा समेत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह व पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने, अप्रिय स्थिति निर्मित न होने, अपराधिक व असामाजिक गतिविधियों पर रोक, धार्मिक वैमनस्यता को रोकने के लिए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जिले में किसी तरह की अप्रिय घटना होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करना सुनिश्चित करें जिससे समय पर कार्यवाही की जा सकें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज के धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर ,समाज प्रमुखों से सतत सम्पर्क करते हुए समाज प्रमुखों की बैठक ले। कलेक्टर ने धार्मिक स्थलों पर छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान पर अनुमति लेना अनिवार्य होगा। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने सूचना के रियल टाइम शेयरिंग के लिए बीट सिस्टम एक्टिव करते हुए बीट स्तर पर जिम्मेदारी तय करने और हर स्तर पर राजस्व और पुलिस अधिकारियों में बेहतर संपर्क और समन्वय की बात पर जोर दिया। एसपी ने बलवा ड्रिल अभ्यास की तैयारी हेतु आर.आई को निर्देशित करते हुए बताया कि इस सप्ताह ही इसका संयुक्त अभ्यास किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के सभी तबकों से पुलिस मित्र की सूची रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती कविता ठाकुर, राजस्व व पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस की जांच में फंसे 109 चालक, देना पड़ा जुर्माना

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में परिवहन व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 109 वाहन चालकों से कुल 83 हजार 900 रुपये शुल्क वसूल किया गया है। जिले में अभी भी मालवाहकों से यात्री परिवहन किया जा रहा है।मालवाहक वाहनों मे सवारी बैठाने वाले कुल 11 चालकों से 3300 रुपये शुल्क वसूल किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा अंबिकापुर शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन मे बात करने वाले वाहन चालकों, मौके पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने, मालवाहक वाहनों मे सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चलाने वाले वाहन चालकों एवं खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, मालवाहक वाहन की बॉडी से बाहर तक सामान लोडकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 109 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है।

# नए परिसीमन के आधार पर होंगे निकाय चुनाव

**बलरामपुर।** नगरीय निकाय चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव से पहले नए सिरे से वार्डों का परिसीमन होगा। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा वार्डों के परिसीमन के लिए आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने का आदेश जारी कर दिया है। राज्य के नगरीय निकायों का आम निर्वाचन माह नवम्बर - दिसम्बर 2024 में होना है।

परिसीमन में वार्डो की रचना इस प्रकार से की जाएगी कि प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या पूरे निकाय क्षेत्र में यथासाध्य एक जैसी होगी तथा वार्ड में सम्मिलित क्षेत्र संहत क्षेत्र हो। जनगणना निदेशालय द्वारा जनगणना 2011 के जनसंख्या संबंधी आंकड़ो का प्रकाशन किया जा चुका है, प्रत्येक वार्डो की जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नये सिरे से वार्डो का परिसीमन किया जाना आवश्यक है।छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार नगरीय निकायों के वार्डो के परिसीमन की कार्यवाही यथाशीघ्र सम्पन्न कराए जाने के निर्देश कलेक्टरों को दिए गए हैं ताकि समय-सीमा में मतदाता सूची आदि तैयार करा आम चुनाव 2024 नियत समयावधि में सम्पन्न कराया जा सके।नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जो जानकारी मांगी गई है उसमें प्रस्तावित वार्डो की चारों दिशाओं की सीमा, मानचित्र, जिसमें प्रत्येक प्रस्तावित वार्ड की चारो दिशाओं को इस प्रकार दर्शाया जायेगा जिससे की प्रत्येक वार्ड की सीमाएं स्पष्ट रूप से अलग-अलग दिखे, जनसंख्या संबंधी पत्रक, जिसमें गत जनगणना के प्रकाशित आंकडो के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र की कुल जनसंख्या, जनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की कुल जनसंख्या, राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगर पालिका क्षेत्र के लिए अवधारित वार्डो की कुल संख्या तथा इसके आधार पर प्रत्येक वार्ड की औसत जनसंख्या का उल्लेख रहेगा। प्रत्येक प्रस्तावित वार्ड की जनसंख्या तथा उसमें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के आंकड़े भी मांगे गए हैं। सरगुजा,सूरजपुर और बलरामपुर जिले के नगरीय निकायों में इस साल के अंत में चुनाव होंगे। इनमें सरगुजा जिले से नगर निगम अंबिकापुर,नगर पंचायत सीतापुर,लखनपुर तथा बलरामपुर जिले की नगर पंचायत राजपुर,कुसमी,रामानुजंगज,वाड्रफनगर तथा नगर पालिका परिषद बलरामपुर शामिल है। इसी प्रकार सूरजपुर जिले की नगर पालिका परिषद सूरजपुर, नगर पंचायत भटगांव,जरही, विश्रामपुर शामिल है। प्रेमनगर नगर पंचायत बाद में असितत्व में आया था इसलिए अभी वहां का कार्यकाल पूरा नहीं हुआ था।



48 वार्डों के नगर निगम अंबिकापुर में अब तक चार बार चुनाव हुए हैं। दो-दो बार कांग्रेस और भाजपा ने यहां कब्जा किया है। शुरुआती दो चुनाव में भाजपा उसके बाद के दो चुनाव में कांग्रेस ने यहां कब्जा जमाया था। भाजपा के लिए प्रबोध मिंज दो बार महापौर थे जबकि दो बार डा अजय तिर्की महापौर निर्वाचित होते जा रहे हैं। प्रबोध मिंज अभी भी नगर निगम अंबिकापुर के पार्षद थे। पार्षद रहते उन्होंने लुंड्रा विधानसभा से विधायक का चुनाव जीता है।

वर्ष 2019 के नगरीय निकाय चुनाव में महापौर निर्वाचन प्रक्रिया में बदलाव किया गया था। महापौर का निर्वाचन सीधे नहीं कराया गया था। बहुमत के आधार पर निर्वाचित पार्षदों में से किसी एक को महापौर निर्वाचित करना था। इस आधार पर अंबिकापुर से कांग्रेस के डा अजय तिर्की पहले पार्षद निर्वाचित हुए थे। उसके बाद पार्षदों ने डा अजय तिर्की को महापौर निर्वाचित किया था।

नगर निगम अंबिकापुर में 48 वार्ड है। पिछले चुनाव में नगर निगम के 28 वार्डों में कांग्रेस के पार्षद निर्वाचित हुए थे। 19 वार्डों में भाजपा तथा एक वार्ड में निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए थे। नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू होते ही शहर में राजनैतिक माहौल जोर पकड़ने लगा है। भाजपा व कांग्रेस के कई दावेदार पहले से ही वार्डों में सक्रिय है। जनता से संपर्क और जन समस्याओं के निराकरण के लिए वे अपने स्तर से प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में संपन्न लोकसभा निर्वाचन में अंबिकापुर शहरी क्षेत्र में भाजपा 21 हजार 32 वोटों से आगे हैं। शहरी क्षेत्र के 110 मतदान केंद्रों में से 90 में भाजपा तथा 19 में कांग्रेस को बढ़त मिली है। बूथ क्रमांक 125 देवेश्वर कालोनी में भाजपा और कांग्रेस को बराबर वोट मिले हैं। इस बूथ पर दोनों दल को 451-451 मत मिले हैं।शहरी क्षेत्र के कुल एक लाख 16 हजार 432 मतों में से 75 हजार 795 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसमें भाजपा को 47 हजार 634 मत मिले हैं।

## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 15 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस को सूचना मिली कि खालबाड़ा पानी टंकी के पास एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी बनीता दीप 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 15 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## स्कार्पियों से आए थे डीजल चोर, दो गिरफ्तार

**राजपुर।** रात के अंधेरे में खड़ी वाहनों से डीजल चोरी करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में संलिप्त दो आरोपित भाग निकलने में सफल रहे। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो व चोरी का 210 लीटर डीजल बरामद किया गया है। आरोपित मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के रहने वाले है। जानकारी के अनुसार ग्राम पस्ता निवासी अज्जु कुमार गुप्ता के पेट्रोल पंप परिसर में उनकी मेटाडोर वाहन सीजी 15 एसी 2136 खड़ी थी। चालक चरण गोप उसी में सो रहा था। देर रात स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 2686 में सवार कुछ व्यक्ति वाहन के पास पहुंचे। मेटाडोर के डीजल टंकी का ताला तोड़कर डीजल टंकी से करीब 60 लीटर डीजल चोरी कर लिया। आरोपित अपने पास ही जरीकेन और पाइप भी रखा था। इसी बीच चालक की नींद खुल गई। हल्ला करने पर सभी आरोपित स्कार्पियो में सवार होकर भाग निकले। बाद में पता चला कि मेटाडोर वाहन के पास ही हाईवा क्रमांक सीजी 15 ईसी 0812 खड़ा था। इससे भी चोरों ने लगभग 150 लीटर डीजल निकाल लिया था। विवेचना के दौरान सूचना मिला कि ग्राम लदकुड़ जंगल में कुछ संदिग्ध वव्यक्तियों की उपस्थिति है।

## पूर्णिमा को भगवान का महास्नान रथयात्रा की तैयारी

**कोरबा।** प्रचलित मान्यता के अंतर्गत भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आषाढ़ महीने की द्वितीया को सम्पन्न होगी। इससे पूर्व ज्येष्ठ पूर्णिमा को महा स्नान के साथ भगवान का क्वॉरेंटाइन टाइम शुरू हो जाएगा। निश्चित पद्धति के जरिए वे आम जीवन का हिस्सा बन सकेंगे। सनातन धर्म की परंपरा के अंतर्गत भगवान जगन्नाथ उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ यात्रा कोरबा के दादर खुर्द में पिछले सवा सौ वर्ष से धूमधाम से मनाई जा रहे हैं। इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। पर्व के लिए प्राथमिक तैयारी तेज कर दी गई है। मंदिर में आयोजन को लेकर यहां के पुरोहित से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि महास्नान के बाद भगवान 22 जून से एकांतवास में रहेंगे। 14 दिन विश्राम करने के बाद मंदिर में उनकी वापसी होगी।

## फ्लाईऐश ने परेशानी बढ़ाई रिस्दी में

**कोरबा।** कोरबा में राखड़ और धूल से होने वाली परेशानी को देखते हुए युवा कांग्रेसियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने की मांग की है। सात दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी दी गई है। शहर के रिस्दी और कुसमुंडा क्षेत्र में राखड़ और धूल के उड़ने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क हादसों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है।

## भिलाई खुर्द में पानी की समस्या

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की मानिकपुर परियोजना के निकट स्थित विधायक खुर्द में इन दिनों पानी की समस्या बनी हुई जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि पानी लेने के लिए उन्हें दूसरे विकल्प पर निर्भर भी होना पड़ रहा है।

# दो पत्नियों के चक्कर में कलह, कोटवार पति ने कुल्हाड़ी से किया हमला

### पत्नी और पुत्री घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर




**कोरबा।** बहुपत्नी विवाह की परंपरा काफी समय से बनी हुई है और इसके कारण समाज में समस्याएं भी आती रही है। समय के साथ ऐसे मामलों में कमी आई लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में नमूने मौजूद हैं और अलग-अलग कारण से मारपीट के साथ विघटन जैसी परिस्थितियां भी निर्मित हो जाती है। रामपुर गांव में दो पत्नी से संबंध रखना कोटवार पति को काफी तकलीफदेह हो गया। विवाद बढ़ने पर उसने एक पत्नी पर हमला कर दिया। बचाने के दौरान पुत्री भी जख्मी हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

करतला थाना अंतर्गत रामपुर गांव में यह घटना हुई है। बुधवार की सुबह सात बजे यह घटना हुई। बताया जा रहा है,कि क्षेत्र का कोटवार शरददास महंत की दो पत्नियां हैं। पहली पत्नी का नाम टीका बाई है जिससे उसकी एक पुत्री पिंकी 22 वर्ष भी है। दूसरी पत्नी के चक्कर में शरद का पहली पत्नी से अक्सर विवाद होता था,जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पहली पत्नी का तर्क है,कि पति उसे घर खर्च नहीं देता,जिसके कारण उसका जीना दुश्वार हो गया है। इस मामले को लेकर कोर्ट ने भी उसे फटकार लगाई है। बस इसी बात को लेकर शरद का पत्नी से विवाद हुआ और हिंसक घटना घट गई। बताया जा रहा है,कि पति-पत्नी के बीच वाद-विवाद से परिवार के अन्य लोग चिंतित हो गए। इस दौरान पति के द्वारा धारदार कुल्हाड़ी से हमला करने पर टीकाबाई बेहोश होकर गिर पड़ी और वह लहूलुहान हो गई। मां की स्थिति ने उसकी पुत्री को बेचैन कर दिया। वह अपने स्तर पर हस्तक्षेप करने के लिए आगे आई तो पिता ने उस पर भी कुल्हाड़ी चला दी। हिंसक हमले में पत्नी अपनी अंतिम सांसे गिन रही है,जबकि पुत्री की स्थिती गंभीर बनी हुई है। करतला पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। उधर दोनों पीड़ितों को आनन-फानन में करतला के सरकारी हास्पिटल ले जाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक चिकित्सा देने के साथ पीड़ितों को उनकी स्थिति के आधार पर कोरबा के मेडिकल कॉलेज हास्पिटल रेफर कर दिया है।

# जटगा रेंज में दिखा बायसन



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जटगा रेंज में मंगलवार को बायसन (वनभैंसा) देखे जाने के बाद वन विभाग सक्रिय हो गया है। अब विभाग द्वारा यह पता लगाया जा रहा है कि क्षेत्र के जंगल में वन भैंसा का आगमन कहा से हुआ है इसके साथ और भी वन भैंसे है। अथवा अकेला ही पहुंचा है हालांकि यह माना जा रहा है कि वन भैंसे का अचानक मार क्षेत्र से हुआ होगा। जो पाली व चैतमा के जंगल होते हुए यहां पहुंचा है। इससे पहले पाली के जंगल में काफी दिन पहले बायसन को विचरण करते हुए देखा गया था। तब वन विभाग सक्रिय हुआ था। कुछ दिन यहा के जंगल में दिखाई देने के बाद वन भैंसाा कही चला गया था। अब मंगलवार को पुनः दिखाए देने पर वन विभाग इसका पता लगाने के लिए सक्रिय हो गया है। जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम मंगलवार को दोपहर 12 बजें जटगा रेंज के जंगलो में गश्त के लिए निकली थी। टीम में शामिल विभाग के अधिकारी व कर्मचाारी सिंघिया के 10 किलो मीटर आगे पहुंचे थे। कि राजग्वालीन मंदिर के पास एनआर क्षेत्र में एक बायसन को विचरण करते हुए देखा और इसकी विडियों व फोटो ग्राफी करने के साथ ही उसे अपनें कैमरे में कैदकर लिया। वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को देखकर बायसन भाग निकाला वन विभाग की टीम ने वन मंडल कार्यालय पहुंचकर डीएफओ कुमार निशांत सहित वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जिस पर अधिकारियों ने टीम को यह पता लगाने पर निर्देश दिया कि बायसन कहा आया है। और व ह जंगलमें अकेले ही घूम रहा है। कि उसके अन्य साथी भी है अधिकारियों के निर्देश पर टीम पतासाजी में जुट गई है।

# धनरास मोड़ पर नाकाबंदी, नशे में मिले चालकों पर पुलिस ने की 185 की कार्रवाई

### अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान



**कोरबा।** सड़क हादसों के पीछे के कारणों को जानने और उनमें आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पुलिस एक्टिव मोड पर है। सभी तरफ इसे लेकर कार्रवाई की जा रही है। कटघोरा पुलिस ने छुरी क्षेत्र में इस अभियान पर काम किया। 6 वाहन चालक नशे की स्थिति में मिले। उन पर धारा 185 की कार्रवाई की गई। प्रत्येक मामले में संबंधितों को 10 हजार की पेनाल्टी अदा करनी होगी।

कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छुरी धनरास मोड़ पर पुलिस के द्वारा नाकाबंदी करने के साथ विशेष अभियान को चलाया गया। पुलिस की टीम ने थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में वाहनों को रूकवाकर जांच की। चालकों की स्थिति को जानने के लिए एल्कोमीटर का उपयोग किया गया। इस दौरान एक जेसीबी चालक, दो ट्रैक्टर चालक और तीन दोपहिया चालक शराब के नशे में पाए गए। जांच करने पर इन मामलों में शराब का स्तर निर्धारित पैरामीटर से अधिक पाया गया। इसे यातायात नियमों का उल्लंघन मानते हुए पुलिस ने चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया। इन गाड़ियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने बताया कि प्रकरण कोर्ट में पेश किये जाएंगे जहां पर पेनाल्टी देने के साथ चालक सहूलियत प्राप्त कर सकेंगे। इससे पहले कटघोरा पुलिस ने छुरी के नजदीक झोराघाट में अभियान के अंतर्गत ऐसी कार्रवाई की और 8 गाड़ियों को जब्त किया। जिनके चालक नशे में पाए गए, उन पर भी 185 का मामला दर्ज किया गया। जबकि सार्वजनिक स्थान में शराब पीने वाले लोगों पर आबकारी एक्ट की धारा 36-4 के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### *नहीं होगी ढिलाई*

*यातायात नियम वाहन चालकों के साथ-साथ सड़कों पर चलने वाले अन्य लोगों के हितों के लिए है। इसलिए अपेक्षा की जाती है कि वाहन चालक नियम पालन करें। उनकी लापरवाही से खुद के साथ-साथ दूसरों के जीवन पर संकट की संभावना होती है। ऐसे किसी भी प्रकरण में पुलिस कोई ढिलाई नहीं करेगी।*

***-डी.एन.तिवारी, टीआई कटघोरा***

# दंतैल ने कटमोरगा में फिर मचाया उत्पात,ग्रामीण सहमे



**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल के एतमानगर व केंदई में हाथियों का आतंक जारी है। एतमा नगर रेंज में सक्रिय 18 हाथियों के दल में शामिल उत्पाती दंतैल आज लगतार दूसरे दिन रेंज अतंर्गत कटमोरगा गांव पहुंच गया । और वहां बसती में उत्पात मचाते हुए धनी राम यादव, तथा एक अन्य ग्रामीण के घर को निशाना बताने हुए ढहा दिया गांव में लगातार दूसरे दिन उत्पाती दंतैल के पहुंचने व घर ढहाए जाने से ग्रामीण दहशत में है। हालाकि वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी दंतैल की निगरानी में लगे हुए है। बीती रात दंतैल के गांव की ओर रूख करने की सूचना मिली रेंजर देव दत्त खांण्डे के नेतृत्व में कटमोरगा पहुंची और उत्पाती हाथी को खदेड़ने की कार्रवाई की वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर दंतैल जंगल की ओर भाग निकला । वन अमला रातभर गांव में डटा रहा । सुबह होने पर मुख्यालय लौटा ज्ञात रहे दंतैल हाथी ने इससे पहले सोमवार की रात गांव में पहुंचकर भारी उत्पात मचाया था। और 4 ग्रामीणों के घर को ध्वस्त कर उन्हें तथा उसके परिवार को बेघर कर दिया।

## कार्यकर्ता विकास शिविर

**कोरबा।** देवपहरी ग्राम में 14 से 17 जून को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रारंभिक का आयोजन कर रहा है। इसमें कोरबा जिले से लगभग 200 कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं

# वैगानार ने स्कूटी को ठोका, चालक कोमा में




**कोरबा।** गायत्री शक्तिपीठ के पास पिछली रात हुए स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वह फिलहाल कोमा में है। सीएसईबी पुलिस ने वैगानार चालक के विरूद्ध आईपीसी की धारा 279, 337 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया है।

चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि मंगलवार की रात 10.30 बजे के लगभग गायत्री शक्तिपीठ के पास यह घटना हुई। यहां पर वैगानार कार संख्या सीजी-12एजी-9239 के चालक की लापरवाही से एक स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। वह मौके पर गिरने के साथ बेहोश हो गया। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस यहां पहुंची। फौरी तौर पर पीड़ित को हास्पिटल भिजवाया गया। अब तक की सूचनाओं में पता चला है कि पीड़ित बेहोशी से बाहर नहीं आ सका है और स्थिति चिंताजनक है। चिकित्सकों ने उसे आब्जर्वेशन में रखा है। पुलिस के द्वारा प्रकरण में कार चालक पर कार्रवाई की गई है।

# कोयला कामगारों का बढ़ा वेतन



**कोरबा।** केंद्र में नई सरकार के कामकाज संभालने के 24 घंटों के अंदर कोल इंडिया के कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी के आदेश जारी हो गए। कोल इंडिया के महाप्रबंधक गौतम बेनर्जी के हस्ताक्षर से जारी आदेश के मुताबिक नॉन एक्जीक्यूटिव कैडर के कर्मचारी वर्ग के वीडीए (वेरिएबल डियरनेस एलाउंस) को बढ़ाकर 16.9 फीसदी कर दिया गया है। कोल इंडिया के इस आदेश से एसईसीएल के अंतर्गत कार्यरत 35 हजार कर्मचारियों को फायदा होगा।

एसईसीएल के जनसंपर्क अधिकारी डॉ.सनीश चंद्रा के मुताबिक कोल इंडिया द्वारा जिन कर्मचारियों के वीडीए में बढ़ोतरी की गई है उनमें सुपरवाइजर श्रेणी, क्लर्क, आपरेटर, माइनिंग सरदार और श्रमिक वर्ग शामिल है। उन्होंने बताया कि वीडीए में बढ़ोतरी का लाभ कोल इंडिया में कार्यरत 2 लाख कर्मियों को प्राप्त होगा। हरेक कर्मचारी की सैलरी में प्रति माह 2 से 3 हजार रुपए की बढ़ोतरी होगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कोल इंडिया द्वारा वीडीए में बढ़ोतरी का आदेश 1 जून से 31 अगस्त 2024 तक प्रभावशील होगा। इसके बाद यह सितंबर में पुनः रिवाइज होगा।

### होगा प्रमोशन

लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता खत्म होते ही कोल कंपनियों ने अपने अधिकारियों कर्मचारियों के लिए तोहफे का पिटारा खोल दिया है। तीन-चार माह पहले प्रोन्नति के लिए आयोजित साक्षात्कार के तहत 147 कोयला अधिकारियों के प्रमोशन की अनुशंसा कर दी गई है। सभी 147 अधिकारी जीएम बनेंगे। डीपीसी के बाद कोल इंडिया को प्रोन्नति की अनुशंसा कर दी गई है ई-7 से ई-8 ग्रेड में अधिकारियों का प्रमोशन होगा। बीसीसीएल के नौ अधिकारी सूची में शामिल हैं। सबसे ज्यादा एसईसीएल से 31, डब्ल्यूसीएल से 25, सीएमपीडीआइएल से 17, सीसीएल से 16, ईसीएल से 14, एमसीएल से 12, एनसीएल से 12, सीआईएल से 11 एवं बीसीसीएल से नौ अफसर जीएम बनेंगे।

# लावारिस स्थिति में खड़ा वाहन इसकी आड़ में शराबखोरी

**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर इंदिरा कमर्शियल काम्प्लेक्स क्षेत्र में एक स्थान पर मालवाहक लावारिश स्थिति में खड़ा है। मौके पर जमकर गंदगी करने के साथ शराबखोरी की जा रही है। क्षेत्र के लोगों ने इस बारे में सीएसईबी पुलिस को सूचना देने के साथ मामले में जब्ती सहित अन्य कार्रवाई करने की मांग की है। वरिष्ठ अधिकारियों को भी इस बारे में अवगत कराया गया है।

टीपी नगर के प्लाट नं.-82 में रहने वाले अश्विन भूटानी ने चौकी प्रभारी को आवेदन दिया है। इसमें बताया गया है कि उनके प्लाट नं. 82 में व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालित है। इसके ठीक सामने ट्रक क्रमांक सीजी-12एजेड़-0646 लावारिस स्थिति में खड़ा है। इसे 4 महीने से अधिक का समय हो गया है। इसके कारण भूटानी को कामकाज में परेशानी हो रही है। पुलिस को जानकारी दी गई है कि मालवाहक के इस तरह खड़े होने से अराजक तत्वों को कई प्रकार से सहूलियत मिल रही है। उन्होंने मौके पर गंदगी करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा रात्रि को यहां शराबखोरी भी की जा रही है। एक-दो मौके पर कुछ लोगों को पकड़ने के साथ नसीहत दी गई तो उन्होंने असभ्यता का परिचय दिया। इस प्रकार की घटनाओं से अप्रिय स्थिति निर्मित हो रही है और कभी भी अनहोनी की आशंका भी है। पुलिस से कहा गया है कि वाहन मालिक के नहीं मिलने पर पुलिस को संबंधित वाहन को जब्त करना चाहिए ताकि स्थानीय स्तर पर पेश आ रही समस्याओं से राहत मिल सके।

### सड़क पर भी कब्जा

इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग को कई लोगों ने अपने कब्जे में ले लिया है। वहां पर उनके कबाड़नुमा वाहन काफी समय से खड़े हैं। इससे सड़क सकरी हो गई है और कई प्रकार की परेशानियां भी सामने आ रही है। यही हाल 15 ब्लॉक, एसईसीएल कालोनी दुर्गा मंदिर क्षेत्र का भी है। वहां पर भी ऐसे कई नमूने अरसे से मौजूद हैं। ऐसा लगता है कि कबाड़ियों की नजर पड़ने के बाद ही यह मामला निराकृत होगा।

## सड़क को बनाया गैरेज हो रही परेशानी

**कोरबा।** स्टेडियम से तुलसीनगर- राताखार जाने वाले मुख्यमार्ग पर स्थित पंचर दुकान एवं मोटर गैरेज के मालिको द्वारा सड़क पर कब्जाकर इसे गैरेज का रूप दिया जा रहा है। जिसो मार्ग से आनेजाने वाले लोगो के काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तंग सड़क की वजह से इस मार्ग पर आए दिन दुर्घनाएं भी घटित हो रही है। कांग्रेस नेता कलीम सिद्धीकी ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करते हुए कार्यवाई किए जाने की मांग की है।

# बालको ने कराया विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण




**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने जिला प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार अपने संयंत्र परिसर और चोटिया कोयला खादान में स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया। विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि तथा देश के औद्योगिक विकास को व्यापक रूप से समझने के लिए शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित की गई।

कोरबा जिलाधिकारी अजीत वसंत के दिशा-निर्देशन में जिले के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चे इंजीनियरिंग व विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को देखकर सीख सकें। लगभग 240 छात्रों ने अलग-अलग दल में बालको का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक और तकनीकी एवं नवाचार की सोच विकसित होगी। क्लासरूम से बाहर जाकर बड़े-बड़े औद्योगिक कार्यस्थल के अवलोकन से शिक्षा के प्रति उनकी अभिरूचि भी बढ़ेगी।

कंपनी में आने वाले सभी विद्यार्थियों को पूरे संयंत्र का भ्रमण कराया जिसमें कंपनी के महत्वपूर्ण कार्यों को विस्तार से बताया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक संयंत्र प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए प्रचालन की जानकारी को समझने का प्रयास किया। बालको के स्मेल्टर, कास्ट हाउस और विद्युत संयंत्र का अवलोकन कर छात्र बेहद प्रभावित हुए। बालको की विभिन्न इकाइयों के अधिकारियों ने छात्रों को बालको के उत्पादन, उत्पादकता और कार्य शैली की विस्तार से जानकारी दी।

छात्रों के संयंत्र भ्रमण पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि युवा हमारे देश के भविष्य हैं। कंपनी भ्रमण से युवाओं के बीच औद्योगिक प्रचालन की समझ विकसित होगी। छात्र कंपनी के नई तकनीक से प्रभावित होकर विज्ञान क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित होंगे। शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में ज्ञान प्राप्त करने के साथ ही नई-नई तकनीकों की विशेषज्ञता के बारे में गहरी समझ तथा आगे चलकर तकीनीकी क्षेत्र में सफलता अर्जित करने में सहायक होगी।

शासकीय हाईस्कूल मदवानी विकास खंड करतला, जिला कोरबा के प्राचार्य बलराज कश्यप ने कहा कि कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक है। विद्यार्थियों को बालको कंपनी में एल्यूमिनियम का उत्पादन, संग्रहण एवं विभिन्न शैक्षिक पहलू पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा संयंत्र से संबंधित किये गए सभी सवालों का सटीक और विस्तारपूर्वक जवाब दिया गया।

विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें बालको संयंत्र में आकर बहुत अच्छा महसूस हुआ। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से उन्हें एल्यूमिनियम एवं बिजली उत्पादन के सम्बंध में बारीकी से जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही बालको में टीम भावना और परस्पर सहयोग जैसे विभिन्न पहलुओ को समझने का अनुभव मिला। बालको के चोटिया कोयला खादान में अन्य छात्र-छात्राओं ने खदान का भ्रमण किया। उन्होंने खुले कोयला खादान का अवलोकन किया जो उनके लिए अभूतपूर्व अनुभव था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को खदान से कोयला उत्खनन के साथ ही आधुनिक तकनीकी मशीनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com